# आर्थिक और सामाजिक विकास

## बैंकिंग प्रणाली, वित्त, बीमा, पेंशन

### 2022

1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. US फेडरल रिज़र्व की सख्त मुद्रा नीति पूँजी पलायन की ओर ले जा सकती है।
   2. पूँजी पलायन वर्तमान विदेशी वाणिज्यिक ऋणग्रहण (External Commercial Borrowings –ECBs) वाली फर्मों की ब्याज लागत को बढ़ा सकता है।
   3. घरेलू मुद्रा का अवमूल्यन, ECBs से संबद्ध मुद्रा जोखिम को घटाता है।

   उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं?

   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. भारत में, साख क्षमता-निर्धारण एजेंसियाँ (क्रेडिट रेटिंग एजेंसीज़) भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित होती हैं।
   2. ICRA नाम से जानी जाने वाली क्षमता-निर्धारण एजेंसी एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी है।
   3. ब्रिकवर्क रेटिंग्स एक भारतीय साख क्षमता-निर्धारण एजेंसी है।

   उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं?

   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
   (c) केलव 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

3. 'बैंक बोर्ड ब्यूरो (BBB)' के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में कौन-से कथन सही हैं?
   1. RBI का गवर्नर BBB का चेयरमैन होता है।
   2. BBB, सार्वजनिक क्षेत्रक बैंकों के अध्यक्षों के चयन के लिए संस्तुति करता है।
   3. BBB, सार्वजनिक क्षेत्रक बैंकों को कार्यनीतियों और पूँजी-वर्धन योजनाओं को विकसित करने में मदद करता है।

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

4. परिवर्तनीय बॉन्ड के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. चूँकि बॉन्ड को ईक्विटी के लिए बदलने का विकल्प है, परिवर्तनीय बॉन्ड अपेक्षाकृत कम ब्याज दर का भुगतान करते हैं।
   2. ईक्विटी के लिए बदलने का विकल्प बॉन्ड-धारक को बढ़ती हुई उपभोक्ता कीमतों से सहलग्नता (इंडेक्सेशन) की मात्रा प्रदान करता है।

   उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?

   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

5. भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में, "मुद्रास्फीति-सहलग्न बॉन्ड (Inflation-Indexed Bonds – IIBs)" के क्या लाभ हैं?
   1. सरकार IIBs के रूप में अपने ऋणग्रहण पर कूपन दरों को कम कर सकती है।
   2. IIBs निवेशकों को मुद्रास्फीति के बारे में अनिश्चितता से सुरक्षा प्रदान करते हैं।
   3. IIBs पर प्राप्त ब्याज और साथ ही साथ पूँजीगत लाभ कर-योग्य नहीं होते।

   उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं?

   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

6. भारत के सन्दर्भ में हाल ही में जनसंचार-माध्यमों में अक्सर चर्चित "अप्रत्यक्ष अंतरण" को निम्नलिखित में कौन-सी एक स्थिति सर्वोत्तम रूप से प्रतिबिंबित करती है?

   (a) कोई भारतीय कंपनी, जिसने किसी विदेशी उद्यम में निवेश किया हो और अपने निवेश पर मिलने वाले लाभ पर उस बाहरी देश को कर अदा करती हो
   (b) कोई विदेशी कंपनी, जिसने भारत में निवेश किया हो और अपने निवेश से मिलने वाले लाभ पर अपने आधारभूत देश को कर अदा करती हो
   (c) कोई भारतीय कंपनी, जो किसी बाहरी देश में मूर्त संपत्ति खरीदती है और उनका मूल्य बढ़ने पर उन्हें बेच देती है तथा प्राप्ति को भारत में अंतरित कर देती है
   (d) कोई विदेशी कंपनी शेयर अंतरित करती है और ऐसे शेयर भारत में स्थित परिसंपत्तियों से अपना वस्तुगत मूल्य व्युत्पन्न करते हैं

## 2021

1. निम्नलिखित में से किससे किसी अर्थव्यवस्था में मुद्रा गुणक में वृद्धि होती है?

(a) बैंकों में आरक्षित नकदी निधि अनुपात में वृद्धि
(b) बैंकों के सांविधिक चलनिधि अनुपात में वृद्धि
(c) लोगों की बैंकिंग आदतों में वृद्धि
(d) देश की जनसंख्या में वृद्धि

2. भारत के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–

1. खुदरा निवेशक डीमैट खातों के माध्यम से प्राथमिक बाज़ार में 'राजकोष बिल (ट्रेज़री बिल)' और 'भारत सरकार के ऋण बॉण्ड' में निवेश कर सकते हैं।
2. 'बातचीत से तय लेन-देन प्रणाली–ऑर्डर मिलान (नेगोशिएटेड डीलिंग सिस्टम–ऑर्डर मैचिंग)' भारतीय रिज़र्व बैंक का सरकारी प्रतिभूति व्यापारिक मंच है।
3. 'सेंट्रल डिपोज़िटरी सर्विसेज़ लिमिटेड' का भारतीय रिज़र्व बैंक एवं बंबई स्टॉक एक्सचेंज द्वारा संयुक्त रूप से प्रवर्तन किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 3 (d) 2 और 3

3. भारत में, 'अंतिम उधारदाता (लेंडर ऑफ लास्ट रिसॉर्ट)' के रूप में केंद्रीय बैंक के कार्य में सामान्यत: निम्नलिखित में से क्या सम्मिलित है/हैं?

1. अन्य स्रोतों से ऋण प्राप्ति में विफल होने पर व्यापार एवं उद्योग निकायों को ऋण प्रदान करना
2. अस्थायी संकट के समय बैंकों के लिये चलनिधि उपलब्ध कराना
3. बजटीय घाटों के वित्तीयन के लिये सरकारों को ऋण देना

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये–

(a) 1 और 2 (b) केवल 2
(c) 2 और 3 (d) केवल 3

4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–

1. केंद्र सरकार द्वारा रिज़र्व बैंक (आर.बी.आई.) के गवर्नर की नियुक्ति की जाती है।
2. भारतीय संविधान के कतिपय प्रावधान केंद्र सरकार को जनहित में आर.बी.आई. को निर्देश देने का अधिकार देते हैं।
3. आर.बी.आई. का गवर्नर अपना अधिकार (पावर) आर.बी.आई. अधिनियम से प्राप्त करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

5. भारत में नियोजित अनियत मज़दूरों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–

1. सभी अनियत मज़दूर, कर्मचारी भविष्य निधि सुरक्षा के हकदार हैं।
2. सभी अनियत मज़दूर नियमित कार्य-समय एवं समयोपरि भुगतान के हकदार हैं।
3. सरकार अधिसूचना के द्वारा यह विनिर्दिष्ट कर सकती है कि कोई प्रतिष्ठान या उद्योग केवल अपने बैंक खातों के माध्यम से मज़दूरी का भुगतान करेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

6. भारत में 'शहरी सहकारी बैंकों' के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–

1. राज्य सरकारों द्वारा स्थापित स्थानीय मंडलों द्वारा उनका पर्यवेक्षण एवं विनियमन किया जाता है।
2. वे इक्विटी शेयर और अधिमान शेयर जारी कर सकते हैं।
3. उन्हें वर्ष 1966 में एक संशोधन के द्वारा बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 के कार्य-क्षेत्र में लाया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

7. भारतीय सरकारी बॉण्ड प्रतिफल निम्नलिखित में से किससे/किनसे प्रभावित होता है/होते हैं?

1. यूनाइटेड स्टेट्स फेडरल रिज़र्व की कार्रवाई
2. भारतीय रिज़र्व बैंक की कार्रवाई
3. मुद्रास्फीति एवं अल्पावधि ब्याज दर

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये–

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2
(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

## 2020

1. यदि आप अपने बैंक के मांग जमा खाते (Demand Deposit Account) से ₹ 1,00,000 की नकद राशि निकालते हैं, तो अर्थव्यवस्था में तात्कालिक रूप से मुद्रा की समग्र पूर्ति पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा?

(a) मुद्रा की समग्र पूर्ति में ₹ 1,00,000 की कमी आएगी
(b) मुद्रा की समग्र पूर्ति में ₹ 1,00,000 की वृद्धि होगी
(c) मुद्रा की समग्र पूर्ति में ₹ 1,00,000 से अधिक की वृद्धि होगी
(d) मुद्रा की समग्र पूर्ति अपरिवर्तित रहेगी।

2. भारत में फर्म के 'ब्याज-व्याप्ति अनुपात (Interest Coverage Ratio)' पद का क्या महत्त्व है?

1. यह उस फर्म, जिसे बैंक ऋण देने जा रहा है, के वर्तमान जोखिम को समझने में मदद करता है।
2. यह उस फर्म, जिसे बैंक ऋण देने जा रहा है, के आने वाले जोखिम के मूल्यांकन में मदद करता है।
3. उधार लेने वाली फर्म का ब्याज-व्याप्ति अनुपात जितना अधिक होगा, उसकी ऋण समाशोधन क्षमता उतनी खराब होगी।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

3. भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. 'वाणिज्यिक पत्र (Commercial Paper)' अल्पकालीन प्रतिभूति- रहित वचन-पत्र है।
2. 'जमा प्रमाण-पत्र (Certificate of Deposit)' भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा किसी निगम को निर्गत किया जाने वाला दीर्घकालीन प्रपत्र है।
3. 'शीघ्रावधि द्रव्य (Call Money)' अंतरबैंक लेन-देनों के लिये प्रयुक्त अल्प अवधि का वित्त है।
4. 'शून्य-कूपन बॉण्ड (Zero-Coupon Bonds)' अनुसूचित व्यापारिक बैंकों द्वारा निगमों को निर्गत किये जाने वाले ब्याज सहित अल्पकालीन बॉण्ड हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 4
(c) केवल 1 और 3 (d) केवल 2, 3 और 4

4. यदि आर.बी.आई. प्रसारवादी मौद्रिक नीति का अनुसरण करने का निर्णय लेता है, तो वह निम्नलिखित में से क्या नहीं करेगा?

1. वैधानिक तरलता अनुपात को घटाकर उसे अनुकूलित करना
2. सीमांत स्थायी सुविधा दर को बढ़ाना
3. बैंक दर को घटाना तथा रेपो दर को भी घटाना

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. कृषि क्षेत्र को अल्पकालीन साख परिदान करने के संदर्भ में, 'ज़िला केंद्रीय सहकारी बैंक (DCCBs)' 'अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों' एवं 'क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों' की तुलना में अधिक ऋण देते हैं।
2. डी.सी.सी.बी. (DCCBs) का एक सबसे प्रमुख कार्य 'प्राथमिक कृषि साख समितियों' को निधि उपलब्ध कराना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 न ही 2

6. भारत में, किसी व्यक्ति के साइबर बीमा कराने पर निधि की हानि की भरपाई एवं अन्य लाभों के अतिरिक्त सामान्यतः निम्नलिखित में से कौन-कौन से लाभ दिये जाते हैं?

1. यदि कोई मालवेयर कंप्यूटर तक उसकी पहुँच बाधित कर देता है, तो कंप्यूटर प्रणाली को पुनः प्रचालित करने में लगने वाली लागत
2. यदि यह प्रमाणित हो जाता है कि किसी शरारती तत्त्व द्वारा जान-बूझकर कंप्यूटर को नुकसान पहुँचाया गया है तो नए कंप्यूटर की लागत
3. यदि साइबर बलात्-ग्रहण होता है तो इस हानि को न्यूनतम करने के लिये विशेषज्ञ परामर्शदाता की सेवाएँ लेने पर लगने वाली लागत
4. यदि कोई तीसरा पक्ष मुकदमा दायर करता है तो न्यायालय में बचाव करने में लगने वाली लागत

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1, 2 और 4
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2, 3 और 4

## 2019

1. सेवा क्षेत्र उपागम किसके कार्यक्षेत्र के अधीन कार्यान्वित किया गया था?

(a) एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम
(b) अग्रणी बैंक योजना (लीड बैंक स्कीम)
(c) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना
(d) राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन

2. भारत में किसी वाणिज्यिक बैंक की परिसंपत्ति में निम्नलिखित में से क्या शामिल नहीं है?

(a) अग्रिम
(b) जमा
(c) निवेश
(d) मांग तथा अल्प सूचना मुद्रा (मनी ऐट कॉल एंड शॉर्ट नोटिस)

3. हाल ही में, भारतीय बैंकों और वित्तीय संस्थाओं द्वारा अंतर-ऋणदाता करार (इंटर-क्रेडिटर ऐग्रीमेंट) पर हस्ताक्षर करने का क्या उद्देश्य था?

(a) भारत सरकार के राजकोषीय घाटे और चालू लेखा घाटे के वर्षानुवर्ष पड़ने वाले भार को कम करना

(b) केंद्रीय और राज्य सरकारों की आधारिक-संरचना परियोजनाओं को संबल प्रदान करना

(c) ` 50 करोड़ या अधिक के ऋणों के आवेदनों के मामले में स्वतंत्र नियामक के रूप में कार्य करना

(d) ₹ 50 करोड़ या अधिक की दबावयुक्त परिसंपत्तियों (स्ट्रेस्ड ऐसेट्स) का, जो सह-संघ उधारी (कॉन्सॉर्टियम लेंडिंग) के अंतर्गत है, अधिक तेज़ी से समाधान करने का लक्ष्य रखना

4. सार्वजनिक क्षेत्रक बैंकों के अध्यक्षों का चयन कौन करता है?

(a) बैंक बोर्ड ब्यूरो (b) भारतीय रिज़र्व बैंक

(c) केंद्रीय वित्त मंत्रालय (d) संबंधित बैंक का प्रबंधन

5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

'भुगतान प्रणाली आँकड़ों के भंडारण (स्टोरेज ऑफ पेमेंट सिस्टम डेटा)' के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के हाल का निदेश, जिसे प्रचलित रूप से डेटा डिक्टेट के रूप में जाना जाता है, भुगतान प्रणाली प्रदाताओं (पेमेंट सिस्टम प्रोवाइडर्स) को समादेशित करता है कि

1. वे यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके द्वारा संचालित भुगतान प्रणालियों से संबंधित समग्र आँकड़े एक प्रणाली के अंतर्गत केवल भारत में भंडारित किये जाएँ

2. वे यह सुनिश्चित करेंगे कि इन प्रणालियों का स्वामित्व और संचालन सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम ही करें

3. वे कैलेंडर वर्ष की समाप्ति तक भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक को समेकित प्रणाली लेखापरीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2

(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

6. किसी अर्थव्यवस्था में मुद्रा गुणक (मनी मल्टिप्लायर) निम्नलिखित में से किस एक के साथ-साथ बढ़ता है?

(a) आरक्षित नकदी (कैश रिज़र्व) अनुपात में वृद्धि

(b) जनता की बैंकिंग आदतों में वृद्धि

(c) सांविधिक नकदी अनुपात में वृद्धि

(d) देश की जनसंख्या में वृद्धि

## 2018

1. भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के संचालन के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. पिछले दशक में भारत सरकार द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में पूंजी के अंतर्वेशन में लगातार वृद्धि हुई है।

2. सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को सुव्यवस्थित करने के लिए मूल भारतीय स्टेट बैंक के साथ उसके सहयोगी बैंकों का विलय किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

2. निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन वैध मुद्रा (लीगल टेंडर मनी) के अर्थ को सही वर्णित करता है?

(a) न्यायालय में विधिक मामलों के लिये फीस के चुकाने में जो मुद्रा दी जाती है

(b) वह मुद्रा जो कोई ऋणदाता अपने दावों के निपटाने में स्वीकार करने के लिये बाध्य होता है

(c) चैक, ड्राफ्ट, विनिमय बिलों, आदि के रूप में बैंक मुद्रा

(d) किसी देश में चलन में धातु मुद्रा

3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सी.ए.आर.) वह राशि है जिसे बैंकों को अपनी निधियों के रूप में रखना होता है जिससे वे, यदि खाता-धारकों द्वारा देयताओं का भुगतान नहीं करने से कोई हानि होती है, तो उसका प्रतिकार कर सकें।

2. सी.ए.आर. का निर्धारण प्रत्येक बैंक द्वारा अलग-अलग किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

4. कभी-कभी समाचारों में आने वाले पद "व्यापारी छूट दर" (मर्चेंट डिस्काउंट रेट) को निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे सही स्पष्ट करता है?

(a) यह किसी बैंक द्वारा किसी व्यापारी को उस बैंक के डेबिट कार्ड के माध्यम से भुगतान स्वीकार करने के लिये दिया जाने वाला प्रोत्साहन है।

(b) यह बैंकों द्वारा अपने ग्राहकों को वस्तुओं और सेवाओं के क्रय हेतु वित्तीय लेन-देनों के लिये डेबिट कार्ड का प्रयोग करने पर वापस दी जाने वाली राशि है।

(c) यह बैंक द्वारा किसी व्यापारी पर अपने ग्राहकों के डेबिट कार्ड से भुगतान लेने पर लगाया जाने वाला शुल्क है।

(d) यह सरकार द्वारा व्यापारियों को अपने ग्राहकों से 'पॉइंट ऑफ सेल' (पी.ओ.एस.) मशीनों और डेबिट कार्ड के माध्यम से डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिये दिया जाने वाला प्रोत्साहन है।

5. निम्नलिखित में से कौन भारत के सभी ATM को जोड़ता है?

(a) भारतीय बैंक एसोसिएशन
(b) राष्ट्रीय प्रतिभूति निक्षेप लिमिटेड (नेशनल सेक्यूरिटीज़ डिपोज़िटरी लिमिटेड)
(c) भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया)
(d) भारतीय रिज़र्व बैंक

## 2017

1. निम्नलिखित में से कौन राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) में सम्मिलित हो सकता है?

(a) केवल निवासी भारतीय नागरिक
(b) केवल 21 से 55 तक की आयु के व्यक्ति
(c) राज्य सरकारों के सभी कर्मचारी, जो संबंधित राज्य सरकारों द्वारा अधिसूचना जारी किये जाने की तारीख के पश्चात् सेवा में आए हैं
(d) सशस्त्र बलों समेत केंद्र सरकार के सभी कर्मचारी, जो 1 अप्रैल, 2004 को या उसके बाद सेवाओं में आए हैं

2. भारत में लघु वित्त बैंकों (SFBs) को स्थापित करने का क्या प्रयोजन है?

1. लघु व्यवसाय इकाइयों को ऋण की पूर्ति करना
2. लघु और सीमांत कृषकों को ऋण की पूर्ति करना
3. युवा उद्यमियों को विशेषत: ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापार स्थापित करने के लिये प्रोत्साहित करना

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया/NPCI) देश में वित्तीय समावेशन के संवर्धन में सहायता करता है।
2. NPCI ने एक कार्ड भुगतान स्कीम RuPay प्रारंभ की है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

4. 'एकीकृत भुगतान अंतरापृष्ठ (यूनिफाइड पेमेंट्स इन्टरफेस/ UPI)' को कार्यान्वित करने से निम्नलिखित में से किसके होने की सर्वाधिक संभाव्यता है?

(a) ऑनलाइन भुगतानों के लिये मोबाइल वालेट आवश्यक नहीं होंगे।
(b) लगभग दो दशकों में पूरी तरह भौतिक मुद्रा का स्थान डिजिटल मुद्रा ले लेगी।
(c) FDI अंतर्वाह में भारी वृद्धि होगी।
(d) निर्धन व्यक्तियों को उपदानों (सब्सिडीज़) का प्रत्यक्ष अंतरण (डाइरेक्ट ट्रांसफर) बहुत प्रभावकारी हो जाएगा।

## 2016

1. भारत में वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से 'भुगतान बैंकों (पेमेंट बैंक्स)' की स्थापना की जा रही है। इस दृष्टि से निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. जिन मोबाइल टेलीफोन कंपनियों और सुपर-बाज़ार शृंखलाओं का स्वामित्व एवं नियंत्रण भारतीय व्यक्तियों के पास है, वे भुगतान बैंकों के प्रवर्तक होने के योग्य हैं।
2. भुगतान बैंक क्रेडिट कार्ड एवं डेबिट कार्ड दोनों जारी कर सकते हैं।
3. भुगतान बैंक ऋण देने के कार्यकलाप नहीं कर सकते हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 (d) 1, 2 और 3

2. 'कोर बैंकिंग समाधान (Core Banking Solutions)' पद कभी-कभी समाचारों में देखा जाता है। निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से इस पद का सही वर्णन करता है/करते हैं?

1. यह बैंक की शाखाओं का वह तंत्र है जो उपभोक्ताओं को अपने खातों का संचालन बैंक की किसी भी शाखा से कर सकने की सुविधा देता है चाहे उन्होंने अपना खाता कहीं भी खोल रखा हो।
2. यह व्यावसायिक बैंकों पर कम्प्यूटरीकरण के माध्यम से RBI का नियंत्रण बढ़ाने का एक प्रयास है।
3. यह एक विस्तृत प्रक्रिया है जिसके द्वारा विशाल अनर्जक (नॉन-परफॉर्मिंग) परिसम्पत्ति वाले बैंक का अधिग्रहण दूसरे बैंक द्वारा कर लिया जाता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

3. RBI द्वारा घोषित 'कोषों की सीमांत लागत पर आधारित उधारी दर [Marginal Cost of Funds based Lending Rate (MCLR),' का/के उद्देश्य क्या है/हैं?

1. ये दिशानिर्देश उधारों की ब्याज दरें निर्धारित करने हेतु बैंकों द्वारा अपनाई गई विधि में पारदर्शिता बढ़ाने में मदद करते हैं।
2. ये दिशानिर्देश बैंक साख की उपलब्धता ऐसी ब्याज दरों पर सुनिश्चित करने में मदद करते हैं जो ऋण लेने वाले एवं बैंक दोनों के लिये न्यायसंगत हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

4. 'वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद् (Financial Stability and Development Council)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. यह नीति (NITI) आयोग का एक अंग है।
2. संघ का वित्त मंत्री इसका प्रमुख होता है।
3. यह अर्थव्यवस्था के समष्टि सविवेक (मैक्रो-प्रूडेंशियल) पर्यवेक्षण का अनुवीक्षण (मॉनिटरिंग) करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 3
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. न्यू डेवलपमेंट बैंक की स्थापना ए.पी.ई.सी. (APEC) द्वारा की गई है।
2. न्यू डेवलपमेंट बैंक का मुख्यालय शंघाई में है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

6. 'अटल पेंशन योजना' के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. यह एक न्यूनतम गारंटित पेंशन योजना है, जो मुख्य रूप से असंगठित क्षेत्र के मज़दूरों को लक्ष्य बनाती है।
2. परिवार का केवल एक ही व्यक्ति इस योजना में शामिल हो सकता है।
3. अभिदाता (सब्स्क्राइबर) की मृत्यु के पश्चात् जीवनसाथी को आजीवन पेंशन की समान राशि गारंटित रहती है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

## 2015

1. 'प्रधानमंत्री जन-धन योजना' निम्नलिखित में से किसके लिये प्रारम्भ की गई है?

(a) गरीब लोगों को अपेक्षाकृत कम ब्याज दर पर आवास ऋण प्रदान करने के लिये
(b) पिछड़े क्षेत्रों में महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहित करने के लिये
(c) देश में वित्तीय समावेशन (फाइनेंशियल इंक्लूज़न) को प्रोत्साहित करने के लिये
(d) उपांतिक (मार्जिनलाइज़्ड) समुदायों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिये

2. जब भारतीय रिज़र्व बैंक सांविधिक नकदी अनुपात (स्टैट्यूटरी लिक्विडिटी रेशियो) को 50 आधार अंक (बेसिस पॉइंट) कम कर देता है, तो निम्नलिखित में से क्या होने की सम्भावना होती है?

(a) भारत की GDP विकास दर प्रबलता से बढ़ेगी।
(b) विदेशी संस्थागत निवेशक हमारे देश में और अधिक पूंजी लाएंगे।
(c) अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक अपनी उधार देने की दर को घटा सकते हैं।
(d) इससे बैंकिंग व्यवस्था की नकदी (लिक्विडिटी) में प्रबलता से कमी आ सकती है।

3. समाचारों में प्रायः आने वाला 'बेसल III (Basel III) समझौता' या सरल शब्दों में 'बेसल III'

(a) जैव-विविधता के संरक्षण और धारणीय (सस्टेनेबल) उपयोग के लिये राष्ट्रीय कार्यनीतियाँ विकसित करने का प्रयास करता है।
(b) बैंकिंग क्षेत्रों के वित्तीय और आर्थिक दबावों का सामना करने के सामर्थ्य को उन्नत करने तथा जोखिम प्रबन्धन को उन्नत करने का प्रयास करता है।
(c) ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने का प्रयास करता है किंतु विकसित देशों पर अपेक्षाकृत भारी बोझ रखता है।
(d) विकसित देशों से निर्धन देशों को प्रौद्योगिकी के अंतरण का प्रयास करता है ताकि वे प्रशीतन में प्रयुक्त होने वाले क्लोरोफ्लोरो कार्बन के स्थान पर हानिरहित रसायनों का प्रयोग कर सकें।

4. भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार कीजिये-

1. बैंक दर
2. खुली बाज़ार कार्रवाई (ओपेन मार्केट ऑपरेशन)
3. लोक ऋण (पब्लिक डेब्ट)
4. लोक राजस्व (पब्लिक रेवेन्यू)

उपर्युक्त में से कौन-सा/से मौद्रिक नीति का/के घटक है/हैं?

(a) केवल 1 (b) 2, 3 और 4
(c) 1 और 2 (d) 1, 3 और 4

## 2014

1. भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से सांविधिक आरक्षित आवश्यकताओं का/के उद्देश्य है/हैं?
   1. केंद्रीय बैंक को बैंकों द्वारा निर्मित की जा सकने वाली अग्रिम राशियों पर नियंत्रण रखने की सक्षमता प्रदान करना।
   2. बैंकों में जनता की जमा राशियों को सुरक्षित व तरल रखना।
   3. व्यावसायिक बैंकों को अत्यधिक लाभ कमाने से रोकना।
   4. बैंकों को दिन-प्रतिदिन की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये पर्याप्त कोष्ठ नकदी (वॉल्ट कैश) रखने को बाध्य करना।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

   (a) केवल 1
   (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 2 और 3
   (d) 1, 2, 3 और 4

2. शाखारहित क्षेत्रों में व्यावसायिक संवाददाताओं (बैंक साथी) की सेवाओं द्वारा लाभार्थियों को कौन-सी सुविधा/सुविधाएँ प्राप्त होती है/हैं?
   1. यह लाभार्थियों को अपने गाँव में अपने साहाय्य (Subsidies) और सामाजिक सुरक्षा लाभ प्राप्त करने योग्य बनाती है।
   2. यह ग्रामीण क्षेत्रों में लाभार्थियों को धनराशि जमा करने व आहरण करने योग्य बनाती है।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

3. 'सीमान्त स्थायी सुविधा दर' तथा 'निवल मांग और सावधि देयताएँ' पदबन्ध कभी-कभी समाचार में आते रहते हैं। उनका प्रयोग किसके संबंध में किया जाता है?

   (a) बैंक कार्य
   (b) संचार नेटवर्किंग
   (c) युद्ध कौशल
   (d) कृषि उत्पादों की पूर्ति एवं मांग

4. किसी अर्थव्यवस्था में यदि ब्याज की दर को घटाया जाता है, तो वह

   (a) अर्थव्यवस्था में उपभोग व्यय घटाएगा
   (b) सरकार के कर संग्रह को बढ़ाएगा
   (c) अर्थव्यवस्था में निवेश व्यय को बढ़ाएगा
   (d) अर्थव्यवस्था में कुल बचत को बढ़ाएगा

## 2013

1. निम्नलिखित में से कौन-से मामलों में भारतीय रिज़र्व बैंक वाणिज्यिक बैंकों को नियंत्रित करता है?
   1. परिसंपत्तियों की तरलता
   2. शाखा विस्तार
   3. बैंकों का विलय
   4. बैंकों का समापन

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

   (a) केवल 1 और 4 (b) केवल 2, 3 और 4
   (c) केवल 1, 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

2. बैंक दर में वृद्धि सामान्यत: इस बात का संकेत है कि-

   (a) ब्याज की बाज़ार दर के गिरने की संभावना है
   (b) केंद्रीय बैंक अब वाणिज्यिक बैंकों को कर्ज़ नहीं दे रहा
   (c) केंद्रीय बैंक सस्ती मुद्रा नीति का अनुसरण कर रहा है
   (d) केंद्रीय बैंक महँगी मुद्रा नीति का अनुसरण कर रहा है

3. निम्नलिखित तरल परिसंपत्तियों पर विचार कीजिये-
   1. बैंकों के पास मांग जमा
   2. बैंकों के पास सावधिक जमा
   3. बैंकों के पास बचत जमा
   4. करेंसी

   इन परिसंपत्तियों का, तरलता के घटते हुए क्रम में सही अनुक्रम है-

   (a) 1–4–3–2 (b) 4–3–2–1
   (c) 2–3–1–4 (d) 4–1–3–2

4. भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में 'खुला बाज़ार प्रचालन' किसे निर्दिष्ट करता है?

   (a) अनुसूचित बैंकों द्वारा RBI से ऋण लेना
   (b) वाणिज्यिक बैंकों द्वारा उद्योग और व्यापार क्षेत्रों को ऋण देना
   (c) RBI द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों का क्रय और विक्रय
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

5. भारत में बैंकों द्वारा प्राथमिक क्षेत्र ऋणदान से तात्पर्य किसको ऋण देने से है?

   (a) कृषि
   (b) लघु (माइक्रो) एवं छोटे उद्यम
   (c) दुर्बल वर्ग
   (d) उपर्युक्त सभी

6. ग्रामीण परिवारों को निम्नलिखित में से कौन सीधी ऋण सुविधा प्रदान करता है/करते हैं?

1. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
2. कृषि और ग्रामीण विकास के लिये राष्ट्रीय बैंक
3. भूमि विकास बैंक

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

## 2012

1. निम्नलिखित पर विचार कीजिये-

1. होटल तथा रेस्तराँ 2. मोटर परिवहन उद्योग
3. समाचार पत्र प्रतिष्ठान 4. निजी चिकित्सा संस्थान

उपर्युक्त में से किस इकाई/किन इकाइयों के कर्मचारी, 'कर्मचारी राज्य बीमा योजना' के अंतर्गत 'सामाजिक सुरक्षा' कवच प्राप्त कर सकते हैं?

(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 4
(c) केवल 1, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

2. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) बैंकरों के बैंक (केंद्रीय बैंक) के रूप में कार्य करता है। इसका अर्थ निम्नलिखित में से कौन-से हैं?

1. अन्य बैंक RBI के पास अपनी जमा संचित रखते हैं।
2. आवश्यकता के समय RBI वाणिज्यिक बैंकों को ऋण देता है।
3. RBI वाणिज्यिक बैंकों को मौद्रिक विषयों पर परामर्श देता है।

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 2 और 3
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

3. लीड बैंक योजना का प्रमुख उद्देश्य है कि

(a) बड़े बैंक प्रत्येक ज़िले में अपने कार्यालय खोलने का प्रयास करें
(b) विभिन्न राष्ट्रीयकृत बैंकों में कड़ी प्रतिस्पर्द्धा हो
(c) प्रत्येक बैंक सघन विकास के लिये पृथक्-पृथक् ज़िलों को अपनाए
(d) सभी बैंक अपने पास जमा राशि जुटाने के लिये गहन प्रयास करें

## 2011

1. 'आम आदमी बीमा योजना' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. इस योजना के अंतर्गत बीमाकृत व्यक्ति भूमिहीन ग्रामीण कुटुम्ब के परिवार का मुखिया अथवा कमाऊ सदस्य होना चाहिये।
2. बीमाकृत व्यक्ति 30 से 65 वर्ष के आयु वर्ग में होना चाहिये।
3. योजना में बीमाकृत व्यक्ति के कक्षा 9 से 12 के बीच पढ़ रहे दो बच्चों तक के लिये निःशुल्क छात्रवृत्ति का प्रावधान है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

2. सूक्ष्म-वित्त (माइक्रोफाइनेंस) निम्न आयु वर्ग के व्यक्तियों के लिये वित्तीय सेवाओं का प्रावधान कराता है। ये सेवाएँ उपभोक्ताओं और स्वरोज़गार में जुटे व्यक्तियों, दोनों को प्रदत्त की जाती हैं। सूक्ष्म-वित्त के अंतर्गत जो सेवा/सेवाएँ उपलब्ध की जाती है/हैं, वह है/वे हैं-

1. ऋण सुविधाएँ 2. बचत सुविधाएँ
3. बीमा सुविधाएँ 4. निधि अंतरण सुविधाएँ

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 4
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

3. वाणिज्यिक बैंकों द्वारा दिये जाने वाले लोक-लुभावन ऋण (टीज़र लोन) क्यों आर्थिक चिंता के विषय हैं?

1. लोक-लुभावन ऋण (टीज़र लोन) अधोमुख्य ऋणों (सब-प्राइम लेंडिंग) के ही एक रूप समझे जाते हैं तथा बैंकों को यह जोखिम रहता है कि भविष्य में उनके ऋण चुकता न हों।
2. देश में लोक-लुभावन ऋण (टीज़र लोन) मुख्यत: अनुभवहीन उद्यमियों को उत्पादन संबंधी अथवा निर्यात इकाइयाँ स्थापित करने के लिये दिये जाते हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

4. भारतीय रिज़र्व बैंक के बैंक दर कम करने के फलस्वरूप

(a) बाज़ार की तरलता बढ़ जाती है
(b) बाज़ार की तरलता घट जाती है
(c) बाज़ार की तरलता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता
(d) वाणिज्यिक बैंक अधिक जमा पूंजी संगृहीत कर लेते हैं

# राजकोषीय नीति एवं कर संरचना

## 2022

1. किसी संगठन या कंपनी द्वारा किए गए व्यय के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?

   1. नई प्रौद्योगिकी प्राप्त करना पूँजीगत व्यय है।
   2. ऋण वित्तीयन को पूँजीगत व्यय माना जाता है, जबकि ईक्विटी वित्तीयन को राजस्व व्यय माना जाता है।

   नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

2. भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

   1. घरेलू वित्तीय बचत का एक भाग सरकारी ऋणग्रहण के लिए जाता है।
   2. नीलामी में बाज़ार-संबंधित दरों पर जारी दिनांकित प्रतिभूतियाँ, आंतरिक ऋण का एक बड़ा घटक होती हैं।

   उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?

   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

## 2021

1. भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में, मांग-प्रेरित मुद्रास्फीति या उसमें वृद्धि निम्नलिखित किन कारणों से होती है?

   1. विस्तारकारी नीतियाँ
   2. राजकोषीय प्रोत्साहन
   3. मुद्रास्फीति सूचकांकन मज़दूरी (इनफ्लेशन-इंडेक्सिंग वेजेज़)
   4. उच्च क्रय शक्ति
   5. बढ़ती ब्याज दर

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

   (a) केवल 1, 2 और 4 (b) केवल 3, 4 और 5
   (c) केवल 1, 2, 3 और 5 (d) 1, 2, 3, 4 और 5

2. आर्थिक मंदी के समय, निम्नलिखित में से कौन-सा कदम उठाए जाने की सर्वाधिक संभावना होती है?

   (a) कर की दरों में कटौती के साथ-साथ ब्याज दर में वृद्धि करना
   (b) सार्वजनिक परियोजनाओं पर व्यय में वृद्धि करना
   (c) कर की दरों में वृद्धि के साथ-साथ ब्याज दर में कमी करना
   (d) सार्वजनिक परियोजनाओं पर व्यय में कमी करना

3. भारत में काले धन के सृजन के निम्नलिखित प्रभावों में से कौन-सा भारत सरकार की चिंता का प्रमुख कारण है?

   (a) स्थावर संपदा के क्रय और विलासितायुक्त आवास में निवेश के लिये संसाधनों का अपयोजन
   (b) अनुत्पादक गतिविधियों में निवेश और जवाहरात, गहने, सोना इत्यादि का क्रय
   (c) राजनीतिक दलों को बड़े चंदे एवं क्षेत्रवाद का विकास
   (d) कर अपवंचन के कारण राजकोष में राजस्व की हानि

## 2020

1. भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से गैर-वित्तीय ऋण में सम्मिलित है/हैं?

   1. परिवारों का बकाया गृह ऋण
   2. क्रेडिट कार्डों पर बकाया राशि
   3. राजकोष बिल (Treasury bills)

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

   (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

## 2019

1. भारतीय रुपये की गिरावट रोकने के लिये निम्नलिखित में से कौन-सा एक सरकार/भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा किया जाने वाला सर्वाधिक संभावित उपाय नहीं है?

   (a) गैर-ज़रूरी वस्तुओं के आयात पर नियंत्रण और निर्यात को प्रोत्साहन
   (b) भारतीय उधारकर्त्ताओं को रुपये मूल्यवर्ग के मसाला बॉन्ड जारी करने हेतु प्रोत्साहित करना
   (c) विदेशी वाणिज्यिक उधारी से संबंधित दशाओं को आसान बनाना
   (d) एक प्रसरणशील मौद्रिक नीति का अनुसरण करना

## 2018

1. निम्नलिखित मदों पर विचार कीजिये-

   1. छिलका उतरे हुए अनाज
   2. मुर्गी के अण्डे पकाए हुए
   3. संसाधित और डिब्बाबंद मछली
   4. विज्ञापन सामग्री युक्त समाचार-पत्र

   उपर्युक्त मदों में से कौन-सा/से जी.एस.टी. (वस्तु एवं सेवा कर) के अंतर्गत छूट प्राप्त है/हैं?

   (a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1, 2 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

2. यदि सरकार द्वारा कोई वस्तु जनता को नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाती है, तो
   (a) विकल्प लागत शून्य होती है।
   (b) विकल्प लागत की उपेक्षा की जाती है।
   (c) विकल्प लागत को उत्पाद के उपभोक्ता से कर देने वाली जनता को अंतरित कर दिया जाता है।
   (d) विकल्प लागत को उत्पाद के उपभोक्ता से शासन को अंतरित कर दिया जाता है।

3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. भारतीय रिज़र्व बैंक, भारत सरकार की प्रतिभूतियों का प्रबंधन और प्रयोजन करता है किंतु किसी राज्य सरकार की प्रतिभूतियों का नहीं।
   2. भारत सरकार कोष-पत्र (ट्रेज़री बिल) जारी करती है और राज्य सरकारें कोई कोष-पत्र जारी नहीं करतीं।
   3. कोष-पत्र ऑफर अपने सममूल्य से बट्टे पर जारी किये जाते हैं।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 3
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

## 2017

1. मौद्रिक नीति समिति (मोनेटरी पॉलिसी कमिटी/MPC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   1. यह RBI की मानक (बेंचमार्क) ब्याज दरों का निर्धारण करती है।
   2. यह एक 12 सदस्यीय निकाय है जिसमें RBI का गवर्नर शामिल है तथा प्रत्येक वर्ष इसका पुनर्गठन किया जाता है।
   3. यह केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता में कार्य करती है।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

   (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
   (c) केवल 3 (d) केवल 2 और 3

2. 'बेनामी संपत्ति लेन-देन का निषेध अधिनियम, 1988 (PBPT अधिनियम)' के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. किसी संपत्ति का लेन-देन बेनामी लेन-देन नहीं समझा जाएगा यदि संपत्ति का मालिक उस लेन-देन के बारे में अवगत नहीं है।
   2. बेनामी पाई गई संपत्तियाँ सरकार द्वारा ज़ब्त किये जाने के लिये दायी होंगी।
   3. यह अधिनियम जाँच के लिये तीन प्राधिकारियों का उपबंध करता है किंतु यह किसी अपीलीय क्रियाविधि का उपबंध नहीं करता।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) केवल 1 और 3 (d) केवल 2 और 3

3. 'वस्तु एवं सेवा कर (गुड्स ऐंड सर्विसेज़ टैक्स/GST)' के क्रियान्वित किये जाने का/के सर्वाधिक संभावित लाभ क्या है/हैं?
   1. यह भारत में बहु-प्राधिकरणों द्वारा वसूल किये जा रहे बहुल करों का स्थान लेगा और इस प्रकार एकल बाज़ार स्थापित करेगा।
   2. यह भारत के 'चालू खाता घाटे' को प्रबलता से कम कर उसके विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने हेतु उसे सक्षम बनाएगा।
   3. यह भारत की अर्थव्यवस्था की संवृद्धि और आकार को बृहद रूप से बढ़ाएगा और उसे निकट भविष्य में चीन से आगे निकल जाने योग्य बनाएगा।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

   (a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

## 2016

1. साल-दर-साल लगातार घाटे का बजट रहा है। घाटे को कम करने के लिये सरकार द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सी कार्रवाई/कार्रवाइयाँ की जा सकती है/हैं?
   1. राजस्व व्यय को घटाना
   2. नवीन कल्याणकारी योजनाओं को प्रारम्भ करना
   3. सहायिकी (सब्सिडी) को युक्तिसंगत बनाना
   4. आयात शुल्क को कम करना

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

   (a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

2. निम्नलिखित में से किसको/किनको भारत सरकार के पूंजी बजट में शामिल किया जाता है?
   1. सड़कों, इमारतों, मशीनरी आदि जैसी परिसंपत्तियों के अधिग्रहण पर व्यय
   2. विदेशी सरकारों से प्राप्त ऋण
   3. राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों को अनुदत्त ऋण और अग्रिम

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

   (a) केवल 1
   (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3
   (d) 1, 2 और 3

3. समाचारों में कभी-कभी देखे जाने वाले 'आधार क्षय एवं लाभ स्थानान्तरण (Base Erosion and profit Shifting)' पद का क्या संदर्भ है?

(a) संसाधन-सम्पन्न किंतु पिछड़े क्षेत्रों में बहुराष्ट्रीय कम्पनियों द्वारा खनन कार्य।

(b) बहुराष्ट्रीय कम्पनियों द्वारा किये जाने वाले कर-अपवंचन पर प्रतिबंध लगाना।

(c) बहुराष्ट्रीय कम्पनियों द्वारा किसी राष्ट्र के आनुवंशिक संसाधनों का दोहन।

(d) विकास परियोजनाओं की योजना एवं कार्यान्वयन में पर्यावरणीय लागतों के विचारों का अभाव।

## 2015

1. चौदहवें वित्त आयोग के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

 1. इसने केंद्रीय विभाज्य पूल में राज्यों को मिलने वाला हिस्सा 32 प्रतिशत से बढ़ाकर 42 प्रतिशत कर दिया है।
 2. इसने विशेष तौर पर सेक्टरों से जुड़े (सेक्टर- स्पेसिफिक) अनुदानों से संबंधित सिफारिशें की हैं।

 नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

 (a) केवल 1 (b) केवल 2
 (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

2. किसी देश की, कर से GDP के अनुपात में कमी क्या सूचित करती है?

 1. आर्थिक वृद्धि दर धीमी होना
 2. राष्ट्रीय आय का कम साम्यिक (एक्विटेबल) वितरण

 नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

 (a) केवल 1 (b) केवल 2
 (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

3. वर्ष-प्रतिवर्ष निरन्तर घाटे का बजट रहा है। घाटे को कम करने के लिये सरकार द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सी कार्रवाई/ कार्रवाइयाँ की जा सकती है/हैं?

 1. राजस्व व्यय में कमी लाना
 2. नई कल्याणकारी योजनाएँ आरम्भ करना
 3. उपदानों (सब्सिडीज़) का युक्तीकरण करना
 4. उद्योगों का विस्तार करना

 नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

 (a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2 और 3
 (c) केवल 1 (d) 1, 2, 3 और 4

## 2014

1. संघ के बजट के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से गैर-योजना व्यय के अधीन आता है/आते हैं?

 1. रक्षा व्यय 2. ब्याज अदायगी
 3. वेतन एवं पेंशन 4. उपदान

 नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

 (a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
 (c) 1, 2, 3 और 4 (d) कोई नहीं

## 2013

1. भारत में घाटे की वित्त व्यवस्था किसके लिये संसाधनों को बढ़ाने के लिये उपयोग की जाती है?

 (a) आर्थिक विकास के लिये
 (b) सार्वजनिक ऋण चुकाने के लिये
 (c) भुगतान शेष का समायोजन करने के लिये
 (d) विदेशी ऋण कम करने के लिये

## 2012

1. निम्नलिखित में से कौन-सी अनुशंसा/अनुशंसाएँ तेरहवें वित्त आयोग की सुस्पष्ट विशिष्टता/विशिष्टताएँ है/हैं?

 1. वस्तुओं व सेवाओं पर कर (टैक्स) लगाए जाने का अभिकल्प तथा इस प्रस्तावित अभिकल्प के संपालन से सम्बद्ध क्षतिपूर्ति पैकेज
 2. भारत के जनांकिकीय लाभांश के अनुरूप अगले दस वर्षों में लाखों नौकरियाँ सृजन करने की योजना
 3. केन्द्रीय करों के एक निश्चित अंश का स्थानीय निकायों को अनुदान के रूप में हस्तांतरण

 निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिये-

 (a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
 (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

## 2011

1. निम्नलिखित में से कौन-सी 'मूल्य आधारित कर' (वैल्यू एडेड टैक्स) की विशेषता नहीं है?

 (a) यह बहु-बिंदु लक्ष्य आधारित कर (टैक्सेशन) प्रणाली है
 (b) यह उत्पादन/वितरण शृंखला में लेन-देन के हर चरण में हुए मूल्य-संवर्द्धन पर लगाया गया कर (टैक्स) है
 (c) यह वस्तुओं तथा सेवाओं पर उपभोग के अंतिम चरण में लगाया गया कर (टैक्स) है जिसका वहन अंततः उपभोक्ताओं को करना पड़ता है

(d) यह मूलभूत रूप से केंद्र सरकार का विषय है; और राज्य सरकारों का दायित्व इसे सफलता के साथ लागू करने तक सीमित है

2. भारत सरकार केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (CPSEs) में लगी अपनी इक्विटी का विनिवेश क्यों कर रही है?

1. सरकार अपनी इक्विटी के विनिवेश से मिले राजस्व का उपयोग मुख्यत: अपने बाह्य ऋण को लौटाने में करना चाहती है।
2. सरकार अब CPSEs के प्रबंधन का नियंत्रण अपने हाथों में नहीं रखना चाहती।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

# भुगतान संतुलन एवं अंतर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था

## 2022

1. भारतीय अर्थव्यवस्था के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. अंकित प्रभावी विनिमय दर (Nominal Effective Exchange Rate – NEER) में वृद्धि रुपए की मूल्यवृद्धि को दर्शाता है।
2. वास्तविक प्रभावी विनिमय दर (Real Effective Exchange Rate – REER) में वृद्धि व्यापार प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार को दर्शाता है।
3. अन्य देशों में मुद्रास्फीति के सापेक्ष घरेलू मुद्रास्फीति में बढ़ने की प्रवृत्ति NEER और REER के बीच में वर्धमान अपसरण उत्पन्न कर सकता है।

उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

2. भारत में कार्य कर रही विदेशी-स्वामित्व की e-वाणिज्य फर्मों के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?

1. अपने प्लेटफॉर्मों को बाज़ार-स्थान के रूप में प्रस्तुत करने के अतिरिक्त वे स्वयं अपने माल का विक्रय भी कर सकते हैं।
2. वे अपने प्लेटफॉर्मों पर किस अंश तक बड़े विक्रेताओं को स्वीकार कर सकते हैं, यह सीमित है।

नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

## 2021

1. निम्नलिखित पर विचार कीजिये-

1. विदेशी मुद्रा संपरिवर्तनीय बॉण्ड
2. कुछ शर्तों के साथ विदेशी संस्थागत निवेश
3. वैश्विक निक्षेपागार (डिपॉजिटरी) प्राप्तियाँ
4. अनिवासी विदेशी जमा

उपर्युक्त में से किसे/किन्हें विदेशी प्रत्यक्ष निवेश में सम्मिलित किया जा सकता है/किये जा सकते हैं?

(a) 1, 2 और 3 (b) केवल 3
(c) 2 और 4 (d) 1 और 4

## 2020

1. यदि निकट भविष्य में दूसरा वैश्विक वित्तीय संकट होता है, तो निम्नलिखित में से कौन-से कार्य/नीतियाँ, भारत को सबसे अधिक संभावना के साथ, कुछ उन्मुक्ति प्रदान कर सकती है/हैं?

1. अल्पकालीन विदेशी ऋणों पर निर्भर न रहना
2. कुछ और विदेशी बैंकों को प्रारंभ करना
3. पूंजी खाते में पूर्ण परिवर्तनीयता को बनाए रखना

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

2. 'स्वर्ण-ट्रांश' (रिज़र्व ट्रांश) निर्दिष्ट करता है:

(a) विश्व बैंक की ऋण व्यवस्था
(b) केंद्रीय बैंक की किसी एक क्रिया को
(c) WTO द्वारा इसके सदस्यों को प्रदत्त एक साख प्रणाली को
(d) IMF द्वारा इसके सदस्यों को प्रदत्त एक साख प्रणाली को

3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. पिछले दशक में भारत-श्रीलंका व्यापार के मूल्य में सतत वृद्धि हुई है।
2. भारत और बांग्लादेश के बीच होने वाले व्यापार में 'कपड़े और कपड़े से बनी चीज़ों' का व्यापार प्रमुख है।
3. पिछले पाँच वर्षों में, दक्षिण एशिया में भारत के व्यापार का सबसे बड़ा भागीदार नेपाल रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

4. भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सी उसकी प्रमुख विशेषता मानी जाती है?

(a) यह मूलतः किसी सूचीबद्ध कंपनी में पूंजीगत साधनों द्वारा किया जाने वाला निवेश है।

(b) यह मुख्यतः ऋण सृजित न करने वाला पूंजी प्रवाह है।

(c) यह ऐसा निवेश है जिससे ऋण-समाशोधन अपेक्षित होता है।

(d) यह विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों में किया जाने वाला निवेश है।

5. वर्तमान में भारत के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं।

1. भारत के माल का निर्यात, माल के आयात से कम है।
2. भारत के लोहे व इस्पात, रसायनों, उर्वरकों और मशीनों के आयात में हाल के वर्षों में कमी आई है।
3. भारत की सेवाओं का निर्यात, सेवाओं के आयात से अधिक है।
4. भारत को कुल मिलाकर व्यापार/चालू खाते का घाटा हो रहा है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 4

(c) केवल 3 (d) केवल 1, 3 और 4

6. 'व्यापार-संबंधित निवेश उपायों' (TRIMS) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. विदेशी निवेशकों द्वारा किये जाने वाले आयात पर 'परिमाणात्मक निर्बंधन' निषिद्ध होते हैं।
2. ये वस्तुओं एवं सेवाओं दोनों के व्यापार से संबंधित निवेश उपायों पर लागू होते हैं।
3. ये विदेशी निवेश के नियमन से संबंधित नहीं हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2

(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

## 2019

1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. भारत का अधिकांश विदेशी ऋण सरकारी सत्वों के ऋणी होने के द्वारा है।
2. भारत का सारा विदेशी ऋण US डॉलर के मूल्यवर्ग में है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

2. भारत के संदर्भ में, मुद्रा संकट के जोखिम को कम करने में निम्नलिखित में से किस/किन कारक/कारकों का योगदान है?

1. भारत के IT सेक्टर के विदेशी मुद्रा अर्जन का
2. सरकारी व्यय के बढ़ने का
3. विदेशस्थ भारतीयों द्वारा भेजे गए धन का

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 (d) 1, 2 और 3

3. पंजीकृत विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा उन विदेशी निवेशकों को, जो स्वयं को सीधे पंजीकृत कराए बिना भारतीय स्टॉक बाज़ार का हिस्सा बनना चाहते हैं, निम्नलिखित में से क्या जारी किया जाता है?

(a) जमा प्रमाण-पत्र

(b) वाणिज्यिक पत्र

(c) वचन-पत्र (प्रॉमिसरी नोट)

(d) सहभागिता पत्र (पार्टिसिपेटरी नोट)

## 2017

1. कभी-कभी समाचारों में दिखाई पड़ने वाले 'घरेलू अंश आवश्यकता (डोमेस्टिक कंटेंट रिक्वायरमेंट)' पद का संबंध किससे है?

(a) हमारे देश में सौर शक्ति उत्पादन का विकास करने से

(b) हमारे देश में विदेशी टी.वी चैनलों को अनुज्ञप्ति प्रदान करने से

(c) हमारे देश के खाद्य उत्पादों को अन्य देशों को निर्यात करने से

(d) विदेशी शिक्षा संस्थाओं को हमारे देश में अपने परिसर स्थापित करने की अनुमति देने से

2. 'राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा अधिकार नीति (नेशनल इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइटस पॉलिसी)' के संदभ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. यह दोहा विकास एजेंडा और TRIPS समझौते के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दोहराता है।
2. औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग भारत में बौद्धिक संपदा अधिकारों के विनियमन के लिये, केंद्रक अभिकरण (नोडल एजेंसी) है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

3. 'व्यापक-आधारयुक्त व्यापार और निवेश करार (ब्रॉड-बेस्ड ट्रेड ऐंड इन्वेस्टमेंट ऐग्रीमेंट/ BTIA)' कभी-कभी समाचारों में भारत और निम्नलिखित में से किस एक के बीच बातचीत के संदर्भ में दिखाई पड़ता है?

(a) यूरोपीय संघ
(b) खाड़ी सहयोग परिषद्
(c) आर्थिक सहयोग और विकास संगठन
(d) शंघाई सहयोग संगठन

4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
 1. भारत ने WTO के व्यापार सुकर बनाने के करार (TFA) का अनुसमर्थन किया है।
 2. TFA, WTO के बाली मंत्रिस्तरीय पैकेज 2013 का एक भाग है।
 3. TFA, जनवरी 2016 में प्रवृत्त हुआ।

 उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

## 2016

1. निम्नलिखित में से किसके संदर्भ में कभी-कभी समाचारों में 'एम्बर बॉक्स, ब्लू बॉक्स और ग्रीन बॉक्स' शब्द देखने को मिलते हैं?

(a) WTO मामला (b) SAARC मामला
(c) UNFCCC मामला (d) FTA पर भारत-EU वार्ता

2. कभी-कभी समाचारों में दिखने वाले 'आई.एफ.सी. मसाला बॉण्ड (IFC Masala Bonds)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
 1. अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (इंटरनेशनल फाइनेंस कॉरपोरेशन), जो इन बॉण्ड्स को प्रस्तावित करता है, विश्व बैंक की एक शाखा है।
 2. ये रुपया अंकित मूल्य वाले बॉण्ड (rupee-denominated bonds) हैं और सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रक के ऋण वित्तीयन के स्रोत हैं।

 नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

3. निम्नलिखित में से कौन-सा, कभी-कभी समाचारों में दिखने वाले पद 'आयात आवरण (इम्पोर्ट कवर)' का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

(a) यह किसी देश के आयात मूल्य एवं सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात को बताता है।
(b) यह किसी देश के एक वर्ष में आयात के कुल मूल्य को बताता है।
(c) यह दो देशों के बीच निर्यात एवं आयात के मूल्यों के अनुपात को बताता है।
(d) यह उन महीनों की संख्या बताता है जितने महीनों के आयात का भुगतान देश के अंतर्राष्ट्रीय रिज़र्व द्वारा किया जा सकता है।

4. सरकार की 'सम्प्रभु स्वर्ण बॉण्ड योजना (Sovereign Gold Bond Scheme)' एवं 'स्वर्ण मुद्रीकरण योजना (Gold Monetization Scheme)' का/के उद्देश्य क्या है/हैं?
 1. भारतीय गृहस्थों के पास निष्क्रिय पड़े स्वर्ण को अर्थव्यवस्था में लाना
 2. स्वर्ण एवं आभूषण के क्षेत्र में एफ.डी.आई. (FDI) को प्रोत्साहित करना
 3. स्वर्ण आयात पर भारत की निर्भरता में कमी लाना

 नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

5. समाचारों में कभी-कभी देखा जाने वाला 'यूरोपीय स्थिरता तंत्र (European Stability Mechanism)' क्या है?

(a) मध्य-पूर्व से लाखों शरणार्थियों के आने के प्रभाव से निपटने के लिये EU द्वारा बनाई गई एक एजेंसी
(b) EU की एक एजेंसी, जो यूरोक्षेत्र (यूरोज़ोन) के देशों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराती है
(c) सभी द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय व्यापार समझौतों को सुलझाने के लिये EU की एक एजेंसी
(d) सदस्य राष्ट्रों के बीच मतभेद सुलझाने के लिये EU की एक एजेंसी

## 2015

1. 'एग्रीमेंट ऑन एग्रीकल्चर (Agreement on Agriculture)', 'एग्रीमेंट ऑन दि ऐप्लिकेशन ऑफ सैनिटरी एंड फाइटोसैनिटरी मेजर्स (Agreement on the Application of Sanitary and Phytosanitary Measures)' और 'पीस क्लॉज़ (Peace Clause)' शब्द प्राय: समाचारों में किसके मामलों के संदर्भ में आते हैं?

(a) खाद्य और कृषि संगठन
(b) जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र का रूपरेखा सम्मेलन
(c) विश्व व्यापार संगठन
(d) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम

2. रुपये की परिवर्तनीयता से क्या तात्पर्य है?

(a) रुपये के नोटों के बदले सोना प्राप्त कर सकना।
(b) रुपये के मूल्य को बाज़ार की शक्तियों द्वारा निर्धारित होने देना।

(c) रुपये को अन्य मुद्राओं में और अन्य मुद्राओं को रुपये में परिवर्तित करने की स्वतंत्र रूप से अनुज्ञा प्रदान करना।

(d) भारत में मुद्राओं के लिये अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार विकसित करना।

3. अंतर्राष्ट्रीय नकदी (लिक्विडिटी) की समस्या निम्नलिखित में से किसकी अनुपलब्धता से सम्बन्धित है?

(a) वस्तुएँ और सेवाएँ

(b) सोना और चांदी

(c) डॉलर और अन्य दुर्लभ मुद्राएँ (हार्ड करेंसीज़)

(d) निर्यात-योग्य बेशी (सरप्लस)

## 2014

1. भुगतान संतुलन के संदर्भ में निम्नलिखित में से किससे/किनसे चालू खाता बनता है?

1. व्यापार संतुलन
2. विदेशी परिसंपत्तियाँ
3. अदृश्यों का संतुलन
4. विशेष आहरण अधिकार

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1 (b) 2 और 3

(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 4

## 2013

1. किसी देश का भुगतान संतुलन किसका व्यवस्थित अभिलेख है?

(a) किसी निर्धारित समय के दौरान, सामान्यत: एक वर्ष में किसी देश का समस्त आयात और निर्यात का लेन-देन।

(b) किसी वर्ष में एक देश द्वारा निर्यात की गई वस्तुएँ।

(c) एक देश की सरकार और दूसरे देश की सरकार के बीच आर्थिक लेन-देन।

(d) एक देश से दूसरे देश को पूंजी का संचलन।

2. निम्नलिखित में से कौन-से पूंजीगत लेखा की रचना करते हैं?

1. विदेशी ऋण 2. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश
3. निजी प्रेषित धन 4. पोर्टफोलियो निवेश

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) 1, 2 और 3 (b) 1, 2 और 4

(c) 2, 3 और 4 (d) 1, 3 और 4

3. भारत की विदेशी मुद्रा आरक्षित निधि में निम्नलिखित में से कौन-सा एक मद समूह सम्मिलित है?

(a) विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एस.डी. आर.) तथा विदेशों से ऋण

(b) विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा धारित स्वर्ण तथा विशेष आहरण अधिकार (एस.डी.आर.)

(c) विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विश्व बैंक से ऋण तथा विशेष आहरण अधिकार (एस.डी.आर)

(d) विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा धारित स्वर्ण तथा विश्व बैंक से ऋण

## 2012

1. निम्नलिखित में से किस/किन परिस्थिति/परिस्थितियों में 'पूंजीगत लाभ' हो सकता है?

1. जब किसी उत्पाद के विक्रय में वृद्धि हो
2. जब किसी संपत्ति के मूल्य में प्राकृतिक वृद्धि हो
3. जब आप कोई रंगचित्र खरीदें और उसकी लोकप्रियता बढ़ने के कारण उसके मूल्य में वृद्धि हो

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 2 (d) 1, 2 और 3

2. निम्नलिखित में से कौन-सी बातें भारत में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश में समाविष्ट होंगी?

1. भारत में विदेशी कम्पनियों की सहायक कम्पनियाँ
2. भारतीय कम्पनियों में बहुसंख्यक विदेशी इक्विटी धारण
3. विदेशी कम्पनियों द्वारा अनन्य रूप से वित्तपोषित कंपनियाँ
4. पोर्टफोलियो निवेश

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिये-

(a) 1, 2, 3 और 4 (b) केवल 2 और 4

(c) केवल 1 और 3 (d) केवल 1, 2 और 3

3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

किसी मुद्रा का अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में मूल्य

1. विश्व बैंक निर्धारित करता है
2. संबंधित देश द्वारा प्रदत्त वस्तुओं/सेवाओं की कितनी मांग है, से निर्धारित होता है
3. संबंधित देश की सरकार की स्थिरता से निर्धारित होता है।
4. संबंधित देश की आर्थिक सम्भाव्यता से निर्धारित होता है

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

(a) 1, 2, 3 और 4

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 3 और 4

(d) केवल 1 और 4

## 2011

1. आर्थिक क्रियाकलापों के संदर्भ में XIX राष्ट्रमंडल खेलों को देखने के लिये विदेशी नागरिकों का भारत में आगमन

(a) निर्यात था
(b) आयात था
(c) उत्पादन था
(d) उपभोग था

2. निम्नलिखित कार्यवाहियों पर विचार करें जो सरकार द्वारा लिये जा सकते है-

1. घरेलू मुद्रा का अवमूल्यन
2. निर्यातों को मिलने वाली आर्थिक सहायता में कटौती
3. उन उपयुक्त नीतियों को लागू करना जिससे देश में अधिक FDI आए तथा FIIs से अधिक निधि आए

उपर्युक्त में से कौन-सी क्रिया/क्रियाएँ चालू खाते के घाटे को घटाने में सहायक साबित हो सकती है/हैं?

(a) 1 और 2
(b) 2 और 3
(c) केवल 3
(d) 1 और 3

3. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) तथा संस्थागत विदेशी निवेशक (FII) दोनों ही, किसी देश में निवेश से संबद्ध हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन दोनों के बीच की एक महत्त्वपूर्ण भिन्नता को सबसे अच्छे ढंग से व्यक्त करता है?

(a) FII बेहतर प्रबंधन कुशलताएँ तथा प्रौद्योगिकी अंतरण को लाने में सहायक है, जबकि FDI केवल पूंजी लेकर आता है
(b) FII व्यापक स्तर पर पूंजी उपलब्धता बढ़ाने में सहायक है, जबकि FDI का लक्ष्य केवल विशिष्ट क्षेत्रों तक सीमित होता है
(c) FDI केवल द्वितीयक बाज़ार में चलित होता है, जबकि FII का लक्ष्य प्राथमिक बाज़ार होता है
(d) FDI की तुलना में FII अधिक स्थायी माना जाता है

# अवसंरचना

## 2017

1. 'राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना निधि' के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. यह नीति (NITI) आयोग का एक अंग है।
2. वर्तमान में इसकी कॉर्पस ₹ 4,00,000 करोड़ है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

2. सार्वभौम अवसंरचना सुविधा (ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर फैसिलिटी)

(a) एशिया में अवसंरचना के उन्नयन के लिये ASEAN का उपक्रमण है, जो एशियाई विकास बैंक द्वारा दिये गए साख (क्रेडिट) से वित्तपोषित है।
(b) गैर-सरकारी क्षेत्रक और संस्थागत निवेशकों की पूँजी का संग्रहण कर सकने के लिये विश्व बैंक का सहयोग है, जो जटिल अवसंरचना सरकारी-गैर-सरकारी भागीदारियों (PPPs) की तैयारी और संरचना-निमार्ण को सुकर बनाता है।
(c) OECD के साथ कार्य करने वाले विश्व के प्रमुख बैंकों का सहयोग है, जो उन अवसंरचना परियोजनाओं को विस्तारित करने पर केंद्रित है जिनमें गैर-सरकारी विनिवेश संग्रहीत करने की क्षमता है।
(d) UNCTAD द्वारा वित्तपोषित उपक्रमण है जो विश्व में अवसंरचना के विकास को वित्तपोषित करने और सुकर बनाने का प्रयास करता है।

## 2016

1. निम्नलिखित में से कौन-सा, सरकार की योजना 'UDAY' का एक प्रयोजन है?

(a) ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोतों के क्षेत्र में नव-प्रयासी (स्टार्ट-अप) उद्यमियों को तकनीकी एवं वित्तीय सहायता प्रदान करना
(b) 2018 तक देश में हर घर में बिजली उपलब्ध कराना
(c) एक समयावधि के अंदर कोयला आधारित शक्ति संयंत्रों के स्थान पर प्राकृतिक गैस, नाभिकीय, सौर, वायु एवं ज्वारीय शक्ति संयंत्र स्थापित करना
(d) विद्युत वितरण कंपनियों की वित्तीय कायापलट और पुनरुत्थान का प्रबंध करना

## 2015

1. भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (IREDA) के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. यह एक पब्लिक लिमिटेड सरकारी कम्पनी है।
2. यह एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनी है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

# मानव संसाधन विकास

## 2019

1. अटल नवप्रवर्तन (इनोवेशन) मिशन किसके अधीन स्थापित किया गया है?

   (a) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग

   (b) श्रम एवं रोजगार मंत्रालय

   (c) नीति (NITI) आयोग

   (d) कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय

## 2018

1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–

   एक संकल्पना के रूप में मानव पूंजी निर्माण की बेहतर व्याख्या उस प्रक्रिया के रूप में की जाती है, जिसके द्वारा

   1. किसी देश के व्यक्ति अधिक पूंजी का संचय कर पाते हैं।
   2. देश के लोगों के ज्ञान, कौशल स्तरों और क्षमताओं में वृद्धि हो पाती है।
   3. गोचर धन का संचय हो पाता है।
   4. अगोचर धन का संचय हो पाता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   (a) 1 और 2 (b) केवल 2

   (c) 2 और 4 (d) 1, 3 और 4

## 2017

1. स्मार्ट इण्डिया हैकथॉन 2017 के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

   1. यह हमारे देश के प्रत्येक शहर को एक दशक में स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने के लिये केंद्र द्वारा प्रायोजित एक स्कीम है।
   2. यह हमारे देश की अनेक समस्याओं का समाधान करने के लिये नई डिजिटल प्रौद्योगिकी नवप्रवर्तनों के अभिज्ञान की एक पहल है।
   3. यह एक कार्यक्रम है जिसका लक्ष्य एक दशक में हमारे देश में सभी वित्तीय लेन-देनों को पूरी तरह से डिजिटल करना है।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये–

   (a) केवल 1 और 3

   (b) केवल 2

   (c) केवल 3

   (d) केवल 2 और 3

2. निम्नलिखित में से कौन-से 'राष्ट्रीय पोषण मिशन (नेशनल न्यूट्रिशन मिशन)' के उद्देश्य हैं?

   1. गर्भवती महिलाओं तथा स्तनपान कराने वाली माताओं में कुपोषण से संबंधी जागरूकता उत्पन्न करना।
   2. छोटे बच्चों, किशोरियों तथा महिलाओं में रक्ताल्पता की घटना को कम करना।
   3. बाजरा, मोटा अनाज तथा अपरिष्कृत चावल के उपभोग को बढ़ाना।
   4. मुर्गी के अंडों के उपभोग को बढ़ाना।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये–

   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1, 2 और 3

   (c) केवल 1, 2 और 4 (d) केवल 3 और 4

3. 'राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (NSQF)' के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   1. NSQF के अधीन, शिक्षार्थी सक्षमता का प्रमाणपत्र केवल औपचारिक शिक्षा के माध्यम से ही प्राप्त कर सकता है।
   2. NSQF के क्रियान्वयन का एक प्रत्याशित परिणाम व्यावसायिक और सामान्य शिक्षा के मध्य संचरण है।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये–

   (a) केवल 1 (b) केवल 2

   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

4. 'विद्यांजलि योजना' का क्या प्रयोजन है?

   1. प्रसिद्ध विदेशी शिक्षण संस्थाओं को भारत में अपने कैंपस खोलने में सहायता करना।
   2. निजी क्षेत्र और समुदाय की सहायता लेकर सरकारी विद्यालयों में दी जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाना।
   3. प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों की आधारिक संरचना सुविधाओं के संवर्धन के लिये निजी व्यक्तियों और संगठनों से ऐच्छिक वित्तीय योगदान को प्रोत्साहित करना।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये–

   (a) केवल 2 (b) केवल 3

   (c) केवल 1 और 2 (d) केवल 2 और 3

5. 'उन्नत भारत अभियान' कार्यक्रम का ध्येय क्या है?

   (a) स्वैच्छिक संगठनों ओर सरकारी शिक्षा तंत्र तथा स्थानीय समुदायों के बीच सहयोग का प्रोन्नयन कर 100 प्रतिशत साक्षरता प्राप्त करना।

   (b) उच्च शिक्षा संस्थाओं को स्थानीय समुदायों से जोड़ना जिससे समुचित प्रौद्योगिकी के माध्यम से विकास की चुनौतियों का सामना किया जा सके।

(c) भारत को वैज्ञानिक और प्रौद्योगिक शक्ति बनाने के लिये भारत की वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थाओं को सशक्त करना।

(d) ग्रामीण और नगरीय निर्धन व्यक्तियों के स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा के लिये विशेष निधियों का विनिधान कर मानव पूँजी विकसित करना और उनके लिये कौशल विकास कार्यक्रम तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण आयोजित करना।

6. 'नेशनल करियर सर्विस' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–

   1. नेशनल करियर सर्विस, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार, का एक उपक्रमण है।
   2. नेशनल करियर सर्विस को देश के अशिक्षित युवाओं के लिये रोज़गार के अवसर के संवर्धन के लिये मिशन के रूप में प्रारंभ किया गया है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

## 2016

1. निम्नलिखित में से कौन-सा/से वह/वे सूचक है/हैं, जिसका/जिनका IFPRI द्वारा वैश्विक भुखमरी सूचकांक (ग्लोबल हंगर इंडेक्स) रिपोर्ट बनाने में उपयोग किया गया है?

   1. अल्प-पोषण 2. शिशु वृद्धिरोधन
   3. शिशु मृत्यु-दर

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये–

   (a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
   (c) 1, 2 और 3 (d) केवल 1 और 3

2. भारत सरकार की एक पहल 'SWAYAM' का लक्ष्य क्या है?

   (a) ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं-सहायता समूहों को प्रोत्साहित करना
   (b) युवा नव-प्रयासी (स्टार्ट-अप) उद्यमियों को वित्तीय एवं तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराना
   (c) किशोरियों की शिक्षा एवं उनके स्वास्थ्य का संवर्धन करना
   (d) नागरिकों को वहन करने योग्य एवं गुणवत्ता वाली शिक्षा नि:शुल्क उपलब्ध कराना

## 2013

1. जनांकिकीय लाभांश के पूर्ण लाभ को प्राप्त करने के लिये भारत को क्या करना चाहिये?

   (a) कुशलता विकास का प्रोत्साहन
   (b) और अधिक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का प्रारम्भ
   (c) शिशु मृत्यु दर में कमी
   (d) उच्च शिक्षा का निजीकरण

## 2012

1. 'जननी सुरक्षा योजना' कार्यक्रम का प्रयास है–

   1. संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित करना
   2. प्रसूति की लागत वहन करने हेतु माँ को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना
   3. गर्भावस्था और प्रसूति से हुई वेतन-हानि की आपूर्ति करना

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

   (a) केवल 1 और 2
   (b) केवल 2
   (c) केवल 3
   (d) 1, 2 और 3

2. राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के संदर्भ में प्रशिक्षित सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 'आशा' (ASHA) के कार्य निम्नलिखित में से कौन-से हैं?

   1. स्त्रियों को प्रसव-पूर्व देखभाल जाँच के लिये स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र साथ ले जाना
   2. गर्भावस्था के प्रारम्भिक संसूचन के लिये गर्भावस्था परीक्षण किट प्रयोग करना
   3. पोषण एवं प्रतिरक्षण के विषय में सूचना देना
   4. बच्चे का प्रसव कराना

   निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिये–

   (a) केवल 1, 2 और 3
   (b) केवल 2 और 4
   (c) केवल 1 और 3
   (d) 1, 2, 3 और 4

3. UNDP के समर्थन से ऑक्सफोर्ड निर्धनता एवं मानव विकास नेतृत्व द्वारा विकसित 'बहुआयामी निर्धनता सूचकांक' में निम्नलिखित में से कौन-सा/से सम्मिलित है/हैं?

   1. पारिवारिक स्तर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, सम्पत्ति तथा सेवाओं से वंचन
   2. राष्ट्रीय स्तर पर क्रय-शक्ति समता
   3. राष्ट्रीय स्तर पर बजट घाटे की मात्रा और GDP की विकास दर

   निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिये–

   (a) केवल 1
   (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3
   (d) 1, 2 और 3

## 2011

1. भारत की गिनती 'जनांकिकीय लाभांश' (डेमोग्राफिक डिविडेंड) वाले देश के रूप में की जाती है। ऐसा इसलिये है, क्योंकि
   (a) यहाँ 15 वर्ष से कम आयु वर्ग की जनसंख्या अधिक है
   (b) यहाँ 15-64 वर्ष आयु वर्ग की जनसंख्या अधिक है
   (c) यहाँ 65 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की जनसंख्या अधिक है
   (d) यहाँ की कुल जनसंख्या अधिक है

# अंतर्राष्ट्रीय संगठन/सम्मेलन

## 2022

1. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:
   1. एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक)
   2. प्रक्षेपास्त्र प्रौद्योगिकी नियंत्रण व्यवस्था (मिसाइल टेक्नोलॉजी कन्ट्रोल रिजीम)
   3. शंघाई सहयोग संगठन (शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गेनाईज़ेशन)

   भारत उपर्युक्त में से किसका/किनका सदस्य है?

   (a) केवल 1 और 2  (b) केवल 3
   (c) केवल 2 और 3  (d) 1, 2 और 3

2. "त्वरित वित्तीयन प्रपत्र (Rapid Financing Instrument)" और "त्वरित ऋण सुविधा (Rapid Credit Facility)", निम्नलिखित में किस एक के द्वारा उधार दिए जाने के उपबंधों से संबंधित हैं?
   (a) एशियाई विकास बैंक
   (b) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
   (c) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम वित्त पहल
   (d) विश्व बैंक

3. "G20 कॉमन फ्रेमवर्क" के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह G20 और उसके साथ पेरिस क्लब द्वारा समर्थित पहल है।
   2. यह अधारणीय ऋण वाले निम्न आय देशों को सहायता देने की पहल है।

   उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?

   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों
   (d) न तो 1, न ही 2

## 2020

1. निम्नलिखित में से किस समूह के सभी चारों देश G20 के सदस्य हैं?
   (a) अर्जेंटीना, मेक्सिको, दक्षिण अफ्रीका एवं तुर्की
   (b) ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, मलेशिया एवं न्यूज़ीलैंड
   (c) ब्राज़ील, ईरान, सऊदी अरब एवं वियतनाम
   (d) इंडोनेशिया, जापान, सिंगापुर एवं दक्षिण कोरिया

## 2019

1. एशियाई आधारिक-संरचना निवेश बैंक [एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इंवेस्टमेंट बैंक (AIIB)] के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. AIIB के 80 से अधिक सदस्य राष्ट्र हैं।
   2. AIIB में भारत सबसे बड़ा शेयरधारक है।
   3. AIIB में एशिया से बाहर का कोई सदस्य नहीं है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

   (a) केवल 1  (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3  (d) 1, 2 और 3

2. निम्नलिखित में से कौन-सा एक विश्व बैंक के 'कारोबार सुगमता सूचकांक (ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस इंडेक्स)' का उप-सूचकांक नहीं है?
   (a) कानून और व्यवस्था बनाए रखना
   (b) करों का भुगतान कराना
   (c) संपत्ति का पंजीकरण करना
   (d) निर्माण परमिट संबंधी कार्य कराना

## 2018

1. भारत में माल के भौगोलिक संकेत (रजिस्ट्रेशन और संरक्षण) अधिनियम, 1999 को निम्नलिखित में से किससे संबंधित दायित्वों के अनुपालन के लिये लागू किया गया?
   (a) आई.एल.ओ.
   (b) आई.एम.एफ.
   (c) यू.एन.सी.टी.ए.डी.
   (d) डब्ल्यू.टी.ओ.

2. भारत के संदर्भ में 'अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आई.ए.ई.ए.)' के 'अतिरिक्त नयाचार (एडीशनल प्रोटोकॉल)' का अनुसमर्थन करने का निहितार्थ क्या है?
   (a) असैनिक परमाणु रिऐक्टर आई.ए.ई.ए. के रक्षोपायों के अधीन आ जाते हैं।

(b) सैनिक परमाणु अधिष्ठान आई.ए.ई.ए. के निरीक्षण के अधीन आ जाते हैं।

(c) देश के पास नाभिकीय पूर्तिकर्ता समूह (एन.एस.जी.) से यूरेनियम के क्रय का विशेषाधिकार हो जाएगा।

(d) देश स्वत: एन.एस.जी. का सदस्य बन जाता है।

3. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिये–

| | |
|---|---|
| 1. ऑस्ट्रेलिया | 2. कनाडा |
| 3. चीन | 4. भारत |
| 5. जापान | 6. यू.एस.ए. |

उपर्युक्त में से कौन–कौन आसियान (ए.एस.इ.ए.एन.) के 'मुक्त व्यापार भागीदारों' में से हैं?

(a) 1, 2, 4 और 5

(b) 3, 4, 5 और 6

(c) 1, 3, 4 और 5

(d) 2, 3, 4 और 6

4. अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के 138 एवं 182 अभिसमय किससे संबंधित हैं?

(a) बाल श्रम

(b) कृषि के तरीकों का वैश्विक जलवायु परिवर्तन से अनुकूलन

(c) खाद्य कीमतों एवं खाद्य सुरक्षा का विनियमन

(d) कार्यस्थल पर लैंगिक समानता

5. किसी देश के 'नाभिकीय पूर्तिकर्ता समूह' के सदस्य बनने का/के क्या परिणाम है/हैं?

1. इसकी पहुँच नवीनतम और सबसे कुशल परमाणु प्रौद्योगिकियों तक हो जाएगी।
2. यह स्वमेव "नाभिकीय आयुध अप्रसार संधि" (एन.पी.टी.) का सदस्य बन जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

6. "विधि का नियम सूचकांक" (रूल ऑफ लॉ इंडेक्स) को निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी किया जाता है?

(a) एमनेस्टी इंटरनेशनल

(b) अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय

(c) संयुक्त राष्ट्र मानव अधिकार आयुक्त कार्यालय

(d) विश्व न्याय परियोजना

## 2017

1. निम्नलिखित में से कौन, विश्व के देशों के लिये 'सार्वभौम लैंगिक अंतराल सूचकांक (ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स)' का श्रेणीकरण प्रदान करता है?

(a) विश्व आर्थिक मंच

(b) UN मानव अधिकार परिषद्

(c) UN वूमन

(d) विश्व स्वास्थ्य संगठन

2. समाचारों में आने वाला 'डिजिटल एकल बाज़ार कार्यनीति (डिजिटल सिंगल मार्केट स्ट्रेटजी)' पद किस निर्दिष्ट करता है?

| | |
|---|---|
| (a) ASEAN को | (b) BRICS को |
| (c) EU को | (d) G20 को |

## 2016

1. 'रीजनल कॉम्प्रिहेन्सिव इकॉनॉमिक पार्टनरशिप (Regional Comprehensive Economic Partnership)' पद प्राय: समाचारों में देशों के एक समूह के मामलों के संदर्भ में आता है। देशों के उस समूह को क्या कहा जाता है?

| | |
|---|---|
| (a) G20 | (b) ASEAN |
| (c) SCO | (d) SAARC |

2. हाल ही में IMF के SDR बास्केट में निम्नलिखित में से किस मुद्रा को जोड़ने का प्रस्ताव दिया गया है?

| | |
|---|---|
| (a) रूबल | (b) रैंड |
| (c) भारतीय रुपया | (d) रेनमिनबी |

3. अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक एवं वित्तीय समिति [International Monetary and Financial Committee (IMFC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–

1. IMFC विश्व अर्थव्यवस्था से सरोकार रखने वाले विषयों पर चर्चा करता है और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) को उसके कार्य की दिशा पर सलाह देता है।
2. IMFC की बैठकों में विश्व बैंक प्रेक्षक की भाँति भाग लेता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

4. 'व्यापार करने की सुविधा का सूचकांक (Ease of Doing Business Index)' में भारत की रैंकिंग समाचार-पत्रों में कभी-कभी दिखती है। निम्नलिखित में से किसने इस रैंकिंग की घोषणा की है?

(a) आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD)
(b) विश्व आर्थिक मंच
(c) विश्व बैंक
(d) विश्व व्यापार संगठन (WTO)

5. 'वैश्विक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (Global Financial Stability Report)' किसके द्वारा तैयार की जाती है?

(a) यूरोपीय केन्द्रीय बैंक
(b) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(c) अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण एवं विकास बैंक
(d) आर्थिक सहयोग तथा विकास संगठन (Organization for Economic Cooperation and Development)

## 2015

1. 'विश्व आर्थिक सम्भावना (ग्लोबल इकोनॉमिक प्रॉस्पेक्ट्स)' रिपोर्ट आवधिक रूप से निम्नलिखित में से कौन जारी करता है?

(a) एशिया विकास बैंक
(b) यूरोपीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (यूरोपियन बैंक फॉर रिकंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट)
(c) यू.एस. फेडरल रिज़र्व बैंक
(d) विश्व बैंक

## 2014

1. निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन 'वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक' नामक प्रकाशन प्रकाशित करता है?

(a) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(b) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम
(c) विश्व आर्थिक फोरम
(d) विश्व बैंक

## 2011

1. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(a) यह किसी भी देश को ऋण प्रदान कर सकता है
(b) यह केवल विकसित देशों को ऋण प्रदान कर सकता है
(c) यह केवल सदस्य देशों को ऋण प्रदान करता है
(d) यह किसी देश के केंद्रीय बैंक को ऋण प्रदान कर सकता है

# उद्योग

## 2022

1. भारत में, निम्नलिखित में कौन एक, उन फैक्टरियों में जिनमें कामगार नियुक्त हैं, औद्योगिक विवादों, समापनों, छँटनी और कामबंदी के विषय में सूचनाओं को संकलित करता है?

(a) केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय
(b) उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग
(c) श्रम ब्यूरो
(d) राष्ट्रीय तकनीकी जनशक्ति सूचना प्रणाली

## 2020

1. भारत में रासायनिक उर्वरकों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

   1. वर्तमान में रासायनिक उर्वरकों का खुदरा मूल्य बाज़ार-संचालित है और यह सरकार द्वारा नियंत्रित नहीं है।
   2. अमोनिया जो यूरिया बनाने में काम आता है, वह प्राकृतिक गैस से उत्पन्न होता है।
   3. सल्फर, जो फॉस्फोरिक अम्ल उर्वरक के लिये कच्चा माल है, वह तेल शोधन कारखानों का उपोत्पाद है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 2 (d) 1, 2 और 3

## 2017

1. 'पूर्व अधिगम की मान्यता स्कीम (रिकग्निशन ऑफ़ प्रायर लर्निंग स्कीम)' का कभी-कभी समाचारों में किस संदर्भ में उल्लेख किया जाता है?

(a) निर्माण कार्य में लगे कर्मकारों के पारंपरिक मार्गों से अर्जित कौशल का प्रमाणन
(b) दूरस्थ अधिगम कार्यक्रमों के लिये विश्वविद्यालयों में व्यक्तियों को पंजीकृत करना।
(c) सार्वजनिक क्षेत्र के कुछ उपक्रमों में ग्रामीण और नगरीय निर्धन लोगों के लिये कुछ कुशल कार्य आरक्षित करना
(d) राष्ट्रीय कौशल विकास कार्यक्रम के अधीन प्रशिक्षणार्थियों द्वारा अर्जित कौशल का प्रमाणन

2. 'भारतीय गुणता परिषद् (QCI)' के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

   1. QCI का गठन, भारत सरकार तथा भारतीय उद्योग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था।

2. QCI के अध्यक्ष की नियुक्ति, उद्योग द्वारा सरकार को की गई संस्तुतियों पर, प्रधानमंत्री द्वारा की जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

## 2016

1. 'स्टैंड अप इंडिया स्कीम (Stand Up India Scheme)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. इसका प्रयोजन SC/ST एवं महिला उद्यमियों में उद्यमिता को प्रोत्साहित करना है।
2. यह SIDBI के माध्यम से पुनर्वित्त का प्रावधान करता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

2. प्रधानमंत्री MUDRA योजना का लक्ष्य क्या है?

(a) लघु उद्यमियों को औपचारिक वित्तीय प्रणाली में लाना

(b) निर्धन कृषकों को विशेष फसलों की कृषि के लिये ऋण उपलब्ध कराना

(c) वृद्ध एवं निस्सहाय लोगों को पेंशन देना

(d) कौशल विकास एवं रोज़गार सृजन में लगे स्वयंसेवी संगठनों का निधीयन (फंडिंग) करना

## 2015

1. 'आठ मूल उद्योगों के सूचकांक (इंडेक्स ऑफ एट कोर इंडस्ट्रीज़)' में निम्नलिखित में से किसको सर्वाधिक महत्त्व दिया गया है?

(a) कोयला उत्पादन

(b) विद्युत उत्पादन

(c) उर्वरक उत्पादन

(d) इस्पात उत्पादन

## 2014

1. जोखिम पूंजी से क्या तात्पर्य है?

(a) उद्योगों को उपलब्ध कराई गई अल्पकालीन पूंजी।

(b) नए उद्यमियों को उपलब्ध कराई गई दीर्घकालीन प्रारंभिक पूंजी।

(c) उद्योगों को हानि उठाते समय उपलब्ध कराई गई निधियाँ।

(d) उद्योगों के प्रतिस्थापन एवं नवीकरण के लिये उपलब्ध कराई गई निधियाँ

## 2013

1. भारत में निम्नलिखित उद्योगों में से कौन-सा एक, पानी का सबसे बड़ा उपभोक्ता है?

(a) अभियांत्रिकी

(b) कागज़ एवं लुगदी

(c) वस्त्रोद्योग

(d) तापशक्ति

## 2012

1. विनिर्माण क्षेत्र के विकास को प्रोत्साहित करने के लिये भारत सरकार ने कौन-सी नई नीतिगत पहल/पहलें की है/हैं?

1. राष्ट्रीय निवेश तथा विनिर्माण क्षेत्रों की स्थापना
2. एकल खिड़की मंज़ूरी (सिंगल विंडो क्लीयरेंस) की सुविधा प्रदान करना
3. प्रौद्योगिकी अधिग्रहण तथा विकास कोष की स्थापना

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

## 2011

1. भारत सरकार 'मेगा फूड पार्क' की अवधारणा को किन-किन उद्देश्यों से प्रोत्साहित कर रही है?

1. खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिये उत्तम अवसंरचना सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु।
2. खराब होने वाले पदार्थों का अधिक मात्रा में प्रसंस्करण करने और अपव्यय घटाने हेतु।
3. उद्यमियों के लिये उद्गामी और पारिस्थितिकी के अनुकूल आहार प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियाँ उपलब्ध कराने हेतु।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

# कृषि एवं ग्रामीण विकास

## 2022

1. भारत में "चाय बोर्ड" के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. चाय बोर्ड सांविधिक निकाय है।
   2. यह कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय से संलग्न नियामक निकाय है।
   3. चाय बोर्ड का प्रधान कार्यालय बेंगलुरु में स्थित है।
   4. इस बोर्ड के दुबई और मॉस्को में विदेशी कार्यालय हैं।

   उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं?

   (a) 1 और 3 (b) 2 और 4
   (c) 3 और 4 (d) 1 और 4

## 2020

1. भारत में, निम्नलिखित में से किन्हें कृषि में सार्वजनिक निवेश माना जा सकता है।
   1. सभी फसलों के कृषि उत्पाद के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करना
   2. प्राथमिक कृषि साख समितियों का कम्प्यूटरीकरण
   3. सामाजिक पूंजी विकास
   4. कृषकों को नि:शुल्क बिजली की आपूर्ति
   5. बैंकिंग प्रणाली द्वारा कृषि ऋण की माफी
   6. सरकारों द्वारा शीतागार सुविधाओं को स्थापित करना।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

   (a) केवल 1, 2 और 5 (b) केवल 1, 3, 4 और 5
   (c) केवल 2, 3 और 6 (d) 1, 2, 3, 4, 5 और 6

2. हाल के बीते दिनों में निम्नलिखित में से कौन-से कारक/कौन-सी नीतियाँ भारत में चावल के मूल्य को प्रभावित कर रही थीं?
   1. न्यूनतम समर्थन मूल्य
   2. सरकार द्वारा व्यापार करना
   3. सरकार द्वारा भंडारण करना
   4. उपभोक्ता सहायिकियाँ (subsidies)

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

   (a) केवल 1, 2 और 4 (b) केवल 1, 3 और 4
   (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

3. 'किसान क्रेडिट कार्ड' योजना के अंतर्गत, निम्नलिखित में से किन-किन उद्देश्यों के लिये कृषकों को अल्पकालीन ऋण समर्थन उपलब्ध कराया जाता है?
   1. फार्म परिसंपत्तियों के रख-रखाव हेतु कार्यशील पूंजी के लिये
   2. कंबाइन कटाई मशीनों, ट्रैक्टरों एवं मिनी ट्रकों के क्रय के लिये
   3. फार्म परिवारों की उपभोग आवश्यकताओं के लिये
   4. फसल कटाई के बाद खर्चों के लिये
   5. परिवार के लिये घर निर्माण तथा गाँव में शीतागार सुविधा की स्थापना के लिये।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये

   (a) केवल 1, 2 और 5 (b) केवल 1, 3 और 4
   (c) केवल 2, 3, 4 और 5 (d) 1, 2, 3, 4 और 5

4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. सभी अनाजों, दालों एवं तिलहनों का 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' (MSP) पर प्रापण (खरीद) भारत के किसी भी राज्य/केंद्र-शासित प्रदेश (यू.टी.) में असीमित होता है
   2. अनाजों एवं दालों का MSP किसी भी राज्य/केंद्र-शासित प्रदेश में उस स्तर पर निर्धारित किया जाता है जिस स्तर पर बाज़ार मूल्य कभी नहीं पहुँच पाते।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन/सा/से सही है/हैं?

   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

## 2019

1. स्वतंत्र भारत में भूमि सुधारों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

   (a) हदबंदी कानून पारिवारिक जोत पर केंद्रित थे, न कि व्यक्तिगत जोत पर।
   (b) भूमि सुधारों का प्रमुख उद्देश्य सभी भूमिहीनों को कृषि भूमि प्रदान करना था।
   (c) इसके परिणामस्वरूप नकदी फसलों की खेती, कृषि का प्रमुख रूप बन गई।
   (d) भूमि सुधारों ने हदबंदी सीमाओं को किसी भी प्रकार की छूट की अनुमति नहीं दी।

2. भारतीय खाद्य निगम के लिये खाद्यान्नों की आर्थिक लागत में न्यूनतम समर्थन मूल्य और किसानों को भुगतान किये गए बोनस (यदि कुछ है) के साथ-साथ और क्या शामिल है/हैं?

   (a) केवल परिवहन लागत
   (b) केवल ब्याज लागत
   (c) प्रापण प्रासंगिक प्रभार तथा वितरण लागत
   (d) प्रापण प्रासंगिक प्रभार तथा गोदामों के प्रभार

3. भारत द्वारा आयातित कृषि जिंसों में, पिछले पाँच वर्षों में निम्नलिखित में से किस एक का मूल्य के आधार पर अधिकतम आयात रहा है?

(a) मसाले (b) ताज़े फल

(c) दलहन (d) वनस्पति तेल

## 2018

1. निम्नलिखित पर विचार कीजिये-

1. सुपारी 2. जौ
3. कॉफी 4. रागी
5. मूंगफली 6. तिल
7. हल्दी

उपर्युक्त में से किनके न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने की है?

(a) केवल 1, 2, 3 और 7

(b) केवल 2, 4, 5 और 6

(c) केवल 1, 3, 4, 5 और 6

(d) 1, 2, 3, 4, 5, 6 और 7

2. भारत में जैविक कृषि के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. 'जैविक उत्पादन के लिये राष्ट्रीय कार्यक्रम' (एन.पी.ओ.पी.) केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के मार्गदर्शन एवं निदेश के अधीन कार्य करता है।
2. एन.पी.ओ.पी. के क्रियान्वयन के लिये 'कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण' (APEDA) सचिवालय के रूप में कार्य करता है।
3. सिक्किम भारत का पहला पूरी तरह से जैविक राज्य बन गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

## 2017

1. 'राष्ट्रीय कृषि बाज़ार (नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट)' स्कीम को क्रियान्वित करने का/के क्या लाभ है/हैं?

1. यह कृषि वस्तुओं के लिये सर्व-भारतीय इलेक्ट्रॉनिक व्यापार पोर्टल है।
2. यह कृषकों के लिये राष्ट्रव्यापी बाज़ार सुलभ कराता है जिसमें उनके उत्पाद की गुणता के अनुरूप कीमत मिलती है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

## 2016

1. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. इस योजना के अंतर्गत कृषकों को वर्ष के किसी भी मौसम में उनके द्वारा किसी भी फसल की खेती करने पर दो प्रतिशत की एकसमान दर से बीमा किश्त का भुगतान करना होगा।
2. यह योजना, चक्रवात एवं गैर-मौसमी वर्षा से होने वाले कटाई-उपरांत घाटे को बीमाकृत करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

2. 'गहन कदन्न संवर्द्धन के माध्यम से पोषण सुरक्षा हेतु पहल (Initiative for Nutritional Security through Intensive Millets Promotion)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. इस पहल का उद्देश्य उन्नत उत्पादन और कटाई-उपरांत प्रौद्योगिकियों को निदर्शित करना है एवं समूह उपागम (क्लस्टर अप्रोच) के साथ एकीकृत रीति से मूल्य वर्द्धन तकनीकों को निदर्शित करना है।
2. इस योजना में निर्धन, लघु, सीमांत एवं जनजातीय किसानों की बड़ी हितधारिता (स्टेक) है।
3. इस योजना का एक महत्त्वपूर्ण उद्देश्य वाणिज्यिक फसलों के किसानों को, पोषकों के अत्यावश्यक निवेशों के और लघु सिंचाई उपकरणों के निःशुल्क किट प्रदान कर, कदन्न की खेती की ओर प्रोत्साहित करना है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

## 2015

1. गन्ने की उचित एवं लाभप्रद कीमत (FRP) को निम्नलिखित में से कौन अनुमोदित करता/करती है?

(a) आर्थिक मामलों की मंत्रिमण्डलीय समिति

(b) कृषि लागत और कीमत आयोग

(c) कृषि मंत्रालय का विपणन और निरीक्षण निदेशालय

(d) कृषि उत्पाद विपणन समिति

2. भारत में कृषि उत्पादों के बाज़ार को किसके अधीन विनियमित किया जाता है?

(a) आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955
(b) राज्यों द्वारा अधिनियमित कृषि उत्पाद विपणन समिति अधिनियम
(c) कृषि उत्पाद (श्रेणीकरण एवं चिह्नांकन) अधिनियम, 1937
(d) खाद्य उत्पाद आदेश, 1956 एवं माँस तथा खाद्य उत्पाद आदेश, 1973

3. कृषि उत्पादन में काष्ठ के हलों के स्थान पर इस्पात के हलों का उपयोग निम्नलिखित में से किसका उदाहरण है?

(a) श्रम बढ़ाने वाली प्रौद्योगिकीय (टेक्नोलॉजिकल) प्रगति
(b) पूंजी बढ़ाने वाली प्रौद्योगिकीय प्रगति
(c) पूंजी घटाने वाली प्रौद्योगिकीय प्रगति
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

## 2014

1. भारत की खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के संदर्भ में विभिन्न फसलों की 'बीज प्रतिस्थापन दरों' को बढ़ाने से भविष्य के खाद्य उत्पादन लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलती है। किंतु इसके अपेक्षाकृत बड़े/विस्तृत कार्यान्वयन में क्या बाध्यता है/बाध्यताएँ हैं?

1. कोई भी राष्ट्रीय बीज नीति नहीं बनी है।
2. निजी क्षेत्र की बीज कंपनियों की, उद्यान-कृषि फसलों की रोपण सामग्रियों और सब्जियों के गुणता वाले बीजों की पूर्ति में कोई सहभागिता नहीं है।
3. निम्न मूल्य एवं उच्च परिमाण वाली फसलों के मामले में गुणता वाले बीजों के बारे में मांग-पूर्ति अंतराल है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) 1 और 2 (b) केवल 3
(c) 2 और 3 (d) कोई नहीं

## 2012

1. 'राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन' ग्रामीण क्षेत्रीय निर्धनों के आजीविका विकल्पों को सुधारने का किस प्रकार प्रयास करता है?

1. ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में नए विनिर्माण उद्योग तथा कृषि व्यापार केन्द्र स्थापित करके
2. 'स्वयं सहायता समूहों' को सशक्त बनाकर और कौशल विकास की सुविधाएँ प्रदान करके
3. कृषकों को निःशुल्क बीज, उर्वरक, डीजल पम्पसेट तथा लघु सिंचाई संयंत्र देकर

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

2. भारत में 'औद्योगिक उत्पादन सकल सूचकांक' में आठ मूल उद्योगों के सूचकांकों का संयुक्त भार 37.90% है। निम्नलिखित में से कौन-से उद्योग उन आठ मूल उद्योगों में सम्मिलित हैं?

1. सीमेंट 2. उर्वरक
3. प्राकृतिक गैस 4. रिफाइनरी उत्पाद
5. वस्त्रोद्योग

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1 और 5 (b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 2, 3 और 4 (d) 1, 2, 3, 4 और 5

3. ज़िला ग्रामीण विकास अभिकरण (DRDAs) भारत में ग्रामीण निर्धनता को कम करने में कैसे मदद करते हैं?

1. DRDAs देश के कुछ विनिर्दिष्ट पिछड़े क्षेत्रों में पंचायती राज संस्थाओं के रूप में कार्य करते हैं।
2. DRDAs विनिर्दिष्ट क्षेत्रों में निर्धनता और कुपोषण के कारण ों का वैज्ञानिक अध्ययन करते हैं और उनके समाधान के विस्तृत उपाय तैयार करते हैं।
3. DRDAs निर्धनता-रोधी कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु अंतरक्षेत्रीय (इंटर-सेक्टोरल) तथा अंतरविभागीय समन्वय और सहयोग सुरक्षित करते हैं।
4. DRDAs निर्धनता-रोधी कार्यक्रमों के लिये मिले कोष पर निगरानी रखते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि उनका प्रभावी उपयोग हो।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 3 और 4
(c) केवल 4 (d) 1, 2, 3 और 4

## 2011

1. निम्नलिखित में से कौन 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम' के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने का पात्र है?

(a) केवल अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के परिवारों के वयस्क सदस्य
(b) गरीबी रेखा से नीचे के (BPL) परिवारों के वयस्क सदस्य
(c) सभी पिछड़े समुदायों के परिवारों के वयस्क सदस्य
(d) किसी भी परिवार के वयस्क सदस्य

2. भारत में निम्नलिखित में से किसकी कृषि तथा सहबद्ध गतिविधियों में ऋण के वितरण में सबसे अधिक हिस्सेदारी है?

(a) वाणिज्यिक बैंकों की
(b) सहकारी बैंकों की
(c) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की
(d) सूक्ष्म-वित्त (माइक्रोफाइनेंस) संस्थाओं की

# मुद्रास्फीति

## 2022

1. भारत में, निम्नलिखित में कौन मुद्रास्फीति को नियंत्रित कर कीमत स्थिरता बनाए रखने के लिए उत्तरदायी है?
   (a) उपभोक्ता मामले विभाग
   (b) व्यय प्रबंधन आयोग
   (c) वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद्
   (d) भारतीय रिज़र्व बैंक

2. भारतीय अर्थव्यवस्था के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :
   1. यदि मुद्रास्फीति अत्यधिक है, तो भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) सम्भावित रूप से सरकारी प्रतिभूतियाँ खरीद सकता है।
   2. यदि रुपए का तेज़ी से मूल्यह्रास हो रहा है, तो RBI बाज़ार में डॉलरों का सम्भावित रूप से विक्रय कर सकता है।
   3. यदि USA या यूरोपीय संघ में ब्याज दरें गिरती होतीं, तो इससे संभावित रूप से RBI की डॉलरों की खरीद प्रेरित हो सकती है।

   उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं?
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

## 2021

1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

   किसी मुद्रा के अवमूल्यन का प्रभाव यह है कि वह अनिवार्य रूप से
   1. विदेशी बाज़ारों में घरेलू निर्यातों की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाता है।
   2. घरेलू मुद्रा के विदेशी मूल्य को बढ़ाता है।
   3. व्यापार संतुलन में सुधार लाता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) 1 और 2
   (c) केवल 3 (d) 2 और 3

2. निम्नलिखित में से कौन-सा अपने प्रभाव में सर्वाधिक मुद्रास्फीतिकारक हो सकता है?
   (a) सार्वजनिक ऋण की चुकौती
   (b) बजट घाटे के वित्तीयन के लिये जनता से उधार लेना
   (c) बजट घाटे के वित्तीयन के लिये बैंकों से उधार लेना
   (d) बजट घाटे के वित्तीयन के लिये नई मुद्रा का सृजन करना

## 2020

1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. खाद्य वस्तुओं का 'उपभोक्ता मूल्य सूचकांक' (CPI) में भार (Weightage) उनके 'थोक मूल्य सूचकांक' (WPI) में दिये गए भार से अधिक है।
   2. WPI, सेवाओं के मूल्यों में होने वाले परिवर्तनों को नहीं पकड़ता, जैसा कि CPI करता है।
   3. भारतीय रिज़र्व बैंक ने अब मुद्रास्फीति के मुख्य मान हेतु तथा प्रमुख नीतिगत दरों के निर्धारण और परिवर्तन हेतु WPI को अपना लिया है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2
   (c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

## 2015

1. भारत में मुद्रास्फीति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?
   (a) भारत में मुद्रास्फीति का नियंत्रण केवल भारत सरकार का उत्तरदायित्व है।
   (b) मुद्रास्फीति के नियंत्रण में भारतीय रिज़र्व बैंक की कोई भूमिका नहीं है।
   (c) घटा हुआ मुद्रा परिचलन (मनी सर्कुलेशन) मुद्रास्फीति के नियंत्रण में सहायता करता है।
   (d) बढ़ा हुआ मुद्रा परिचलन, मुद्रास्फीति के नियंत्रण में सहायता करता है।

2. निम्नलिखित में से कौन 'औद्योगिक कर्मकारों के लिये उपभोक्ता कीमत सूचकांक (कंज़्यूमर प्राइस इंडेक्स नम्बर फॉर इंडस्ट्रियल वर्कर्स)' निकालता है?
   (a) भारतीय रिज़र्व बैंक
   (b) आर्थिक कार्य विभाग
   (c) श्रम ब्यूरो
   (d) कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग

## 2013

1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. मुद्रास्फीति ऋणियों को लाभ पहुँचाती है।
   2. मुद्रास्फीति बॉण्डधारकों को लाभ पहुँचाती है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

2. सामान्य कीमत-स्तर में बढ़ोतरी निम्नलिखित में से किस/किन कारण/कारणों से हो सकती है/हैं?

 1. द्रव्य की पूर्ति में वृद्धि
 2. उत्पादन के समग्र स्तर में गिरावट
 3. प्रभावी मांग में वृद्धि

 नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

 (a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
 (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

3. द्रव्य की पूर्ति यथावत् रहने पर यदि द्रव्य की मांग में वृद्धि होती है, तो

 (a) कीमत-स्तर में गिरावट आ जाएगी
 (b) ब्याज की दर में वृद्धि हो जाएगी
 (c) ब्याज की दर में कमी हो जाएगी
 (d) आय और रोज़गार के स्तर में वृद्धि हो जाएगी

4. निम्नलिखित में से किस एक का अपने प्रभाव में सर्वाधिक स्फीतिकारी होने की संभावना है?

 (a) लोक ऋण की चुकौती
 (b) बजट घाटे के वित्तीयन के लिये जनता से ऋणादान
 (c) बजट घाटे के वित्तीयन के लिये बैंकों से ऋणादान
 (d) बजट घाटे के वित्तीयन के लिये नई मुद्रा का सृजन

## 2012

1. निम्नलिखित उपायों में से किसके/किनके परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति में वृद्धि होगी?

 1. केंद्रीय बैंक द्वारा लोगों से सरकारी प्रतिभूतियों का क्रय
 2. लोगों द्वारा वाणिज्यिक बैंकों में जमा की गई करेंसी
 3. सरकार द्वारा केंद्रीय बैंक से लिया गया ऋण
 4. केंद्रीय बैंक द्वारा लोगों को सरकारी प्रतिभूतियों का विक्रय

 निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिये-

 (a) केवल 1 (b) केवल 2 और 4
 (c) केवल 1 और 3 (d) 2, 3 और 4

## 2011

1. हाल के वर्षों में भारत निरंतर और उच्च खाद्य स्फीति से गुज़रा है। इसके क्या कारण हो सकते हैं?

 1. उत्तरोत्तर वाणिज्यिक फसलों की खेती में प्रयुक्त होने के कारण खाद्यान्नों का कृषि क्षेत्र विगत पाँच वर्षों में लगातार घटते हुए लगभग 30 प्रतिशत घट गया है।
 2. बढ़ी हुई आय के कारण लोगों के उपभोग प्रतिरूप में महत्त्वपूर्ण परिवर्तन आए हैं।
 3. आहार की आपूर्तिशृंखला में कई संरचनात्मक अवरोध हैं।

 उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?

 (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
 (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

2. स्फीति दर में होने वाली तीव्र वृद्धि का आरोप्य कभी-कभी 'आधार प्रभाव' (Base Effect) पर लगाया जाता है। यह 'आधार प्रभाव' क्या है?

 (a) यह फसलों के खराब होने से आपूर्ति में उत्पन्न उग्र अभाव का प्रभाव है
 (b) यह तीव्र आर्थिक विकास के कारण तेज़ी से बढ़ रही मांग का प्रभाव है
 (c) यह विगत वर्ष की कीमतों का स्फीति दर की गणना पर आया प्रभाव है
 (d) इस संदर्भ में उपर्युक्त (a), (b) तथा (c) कथनों में से कोई भी सही नहीं है

3. आर्थिक विकास सामान्यतया युग्मित होता है-

 (a) अवस्फीति के साथ (b) स्फीति के साथ
 (c) स्टैगफ्लेशन के साथ (d) अतिस्फीति के साथ

# अर्थव्यवस्था से संबंधित विविध विषय

## 2022

1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

 1. हाल के वर्षों में वियतनाम विश्व में सबसे तेज़ी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक रहा है।
 2. वियतनाम का नेतृत्व बहु-दलीय राजनीतिक प्रणाली के द्वारा होता है।
 3. वियतनाम का आर्थिक विकास विश्वव्यापी पूर्ति शृंखलाओं के साथ इसके एकीकरण और निर्यात पर मुख्य ध्यान होने से जुड़ा है।
 4. लंबे समय से वियतनाम की निम्न श्रम लागतों और स्थिर विनिमय दरों ने वैश्विक निर्माताओं को आकर्षित किया है।
 5. हिंद-प्रशांत क्षेत्र का सर्वाधिक उत्पादक e-सेवा सेक्टर वियतनाम में है।

 उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं?

 (a) 2 और 4 (b) 3 और 5
 (c) 1, 3 और 4 (d) 1 और 2

2. निम्नलिखित में कौन-कौन-से कार्यकलाप अर्थव्यवस्था में वास्तविक क्षेत्रक (रियल सेक्टर) का निर्माण करते हैं?

 1. किसानों को अपनी फसलें काटना
 2. कपड़ा मिलों का कच्चे कपास को कपड़े में बदलना

3. किसी वाणिज्यिक बैंक का किसी व्यापारी कंपनी को धनराशि उधार देना
4. किसी कॉर्पोरेट निकाय का विदेश में रुपया-अंकित मूल्य के बॉन्ड जारी करना

नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

## 2021

1. 'वाटरक्रेडिट' के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. यह जल एवं स्वच्छता क्षेत्र में कार्य के लिये सूक्ष्म वित्त साधनों (माइक्रोफाइनेंस टूल्स) को लागू करता है।
   2. यह एक वैश्विक पहल है जिसे विश्व स्वास्थ्य संगठन और विश्व बैंक के तत्त्वावधान में प्रारंभ किया गया है।
   3. इसका उद्देश्य निर्धन व्यक्तियों को सहायिकी के बिना अपनी जल-संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये समर्थ बनाना है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

   अन्य बातें अपरिवर्तित रहने पर भी किसी वस्तु के लिये बाज़ार मांग बढ़ सकती है, यदि
   1. इसकी स्थानापन्न वस्तु की कीमत में वृद्धि हो।
   2. इसकी पूरक वस्तु की कीमत में वृद्धि हो।
   3. वस्तु घटिया किस्म की है और उपभोक्ताओं की आय में वृद्धि होती है।
   4. इसकी कीमत घटती है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

   (a) केवल 1 और 4 (b) 2, 3 और 4
   (c) 1, 3 और 4 (d) 1, 2 और 3

## 2020

1. 1991 के आर्थिक उदारीकरण के बाद की भारतीय अर्थव्यवस्था के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. शहरी क्षेत्रों में श्रमिक की उत्पादकता (2004-05 की कीमतों पर प्रति श्रमिक ₹) में वृद्धि हुई जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में इसमें कमी हुई।
   2. कार्यबल में ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिशत हिस्सेदारी में सतत वृद्धि हुई।
   3. ग्रामीण क्षेत्रों में, गैर-कृषि अर्थव्यवस्था में वृद्धि हुई।
   4. ग्रामीण रोज़गार की वृद्धि दर में कमी आई।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 3 और 4
   (c) केवल 3 (d) केवल 1, 2 और 4

## 2019

1. वैश्विक प्रतियोगित्व रिपोर्ट (ग्लोबल कम्पिटिटिवनेस रिपोर्ट) कौन प्रकाशित करता है?

   (a) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
   (b) संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (यूनाइटेड नेशंस कॉन्फरेन्स ऑन ट्रेड एंड डेवलपमेंट)
   (c) विश्व आर्थिक मंच (वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम)
   (d) विश्व बैंक

2. किसी दिये गए वर्ष में भारत में कुछ राज्यों में आधिकारिक गरीबी रेखाएँ अन्य राज्यों की तुलना में उच्चतर हैं, क्योंकि

   (a) गरीबी की दर अलग-अलग राज्य में अलग-अलग होती है
   (b) कीमत-स्तर अलग-अलग राज्य में अलग-अलग होता है
   (c) सकल राज्य उत्पाद अलग-अलग राज्य में अलग-अलग होता है
   (d) सार्वजनिक वितरण की गुणता अलग-अलग राज्य में अलग-अलग होती है

3. निम्नलिखित में से कौन-सा देश पिछले पाँच वर्षों के दौरान विश्व में चावल का सबसे बड़ा निर्यातक रहा है?

   (a) चीन (b) भारत
   (c) म्याँमार (d) वियतनाम

4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
   1. भारत सरकार द्वारा कोयला क्षेत्र का राष्ट्रीयकरण इंदिरा गांधी के कार्यकाल में किया गया था।
   2. वर्तमान में, कोयला खंडों का आवंटन लॉटरी के आधार पर किया जाता है।
   3. भारत हाल के समय तक घरेलू आपूर्ति की कमी को पूरा करने के लिये कोयले का आयात करता था, किंतु अब भारत कोयला उत्पादन में आत्मनिर्भर है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

   (a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
   (c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

औद्योगिक रोज़गार (स्थायी आदेश) केंद्रीय (संशोधन) नियम, 2018 के अनुसार

1. यदि नियत अवधि रोज़गार के लिये नियमों को कार्यान्वित किया जाता है, तो फर्म/कंपनियों के लिये कामगारों की छँटनी करना अपेक्षाकृत आसान हो जाता है
2. अस्थायी कामगारों के मामलों में रोज़गार समाप्त करने के लिये कोई नोटिस देना आवश्यक नहीं होगा

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1　　(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों　　(d) न तो 1, न ही 2

6. भारत की पंचवर्षीय योजनाओं के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. दूसरी पंचवर्षीय योजना से बुनियादी तथा पूंजीगत वस्तु उद्योगों के प्रतिस्थापन की दिशा में निश्चयात्मक ज़ोर दिया गया।
2. चौथी पंचवर्षीय योजना में संपत्ति तथा आर्थिक शक्ति के बढ़ते संकेंद्रण की पूर्व प्रवृत्ति के सुधार का उद्देश्य अपनाया गया।
3. पाँचवीं पंचवर्षीय योजना में, पहली बार, वित्तीय क्षेत्रक को योजना के अभिन्न अंग के रूप में शामिल किया गया।

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग सही उत्तर चुनिये :

(a) केवल 1 और 2　　(b) केवल 2
(c) केवल 3　　(d) 1, 2 और 3

7. किसी भी देश के संदर्भ में, निम्नलिखित में से किसे उस देश की सामाजिक पूंजी (सोशल कैपिटल) के भाग के रूप में समझा जाएगा?

(a) जनसंख्या में साक्षरों का अनुपात
(b) इसके भवनों, अन्य आधारिक संरचना और मशीनों का स्टॉक
(c) कार्यशील आयु समूह में जनसंख्या का आमाप
(d) समाज में आपसी भरोसे और सामंजस्य का स्तर

8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. क्रय शक्ति समता [परचेज़िंग पावर पैरिटि (PPP)] विनिमय दरों की गणना विभिन्न देशों में एकसमान वस्तुओं और सेवाओं के मूल्यों की तुलना कर की जाती है।
2. PPP डॉलर के संदर्भ में, भारत विश्व की छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1　　(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों　　(d) न तो 1, न ही 2

## 2018

1. निरपेक्ष तथा प्रति व्यक्ति वास्तविक GNP की वृद्धि आर्थिक विकास की ऊँची दर का संकेत नहीं करतीं, यदि

(a) औद्योगिक उत्पादन कृषि उत्पादन के साथ-साथ बढ़ने में विफल रह जाता है।
(b) कृषि उत्पादन औद्योगिक उत्पादन के साथ-साथ बढ़ने में विफल रह जाता है।
(c) निर्धनता और बेरोज़गारी में वृद्धि होती है।
(d) निर्यातों की अपेक्षा आयात तेज़ी से बढ़ते हैं।

2. उच्च बचत वाली अर्थव्यवस्था होते हुए भी किस कारण पूंजी निर्माण महत्त्वपूर्ण उत्पादन वृद्धि में परिणामित नहीं हो पाता है?

(a) कमजोर प्रशासन तंत्र　　(b) निरक्षरता
(c) उच्च जनसंख्या घनत्व　　(d) उच्च पूंजी-उत्पाद अनुपात

3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 ने खाद्य अपमिश्रण की रोकथाम (प्रिवेंशन ऑफ फूड एडल्टरेशन) अधिनियम, 1954 को प्रतिस्थापित किया।
2. भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (फूड सेफ्टी एण्ड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया) (एफ.एस.एस.ए.आई.) केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक के प्रभार में है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1　　(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों　　(d) न तो 1, न ही 2

4. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अधीन बनाए गए उपबंधों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. केवल वे ही परिवार सहायता प्राप्त खाद्यान्न लेने की पात्रता रखते हैं जो "गरीबी रेखा से नीचे" (बी.पी.एल) श्रेणी में आते हैं।
2. परिवार में 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र की सबसे अधिक उम्र वाली महिला ही राशन कार्ड निर्गत किये जाने के प्रयोजन से परिवार का मुखिया होगी।
3. गर्भवती महिलाएँ एवं दुग्ध पिलाने वाली माताएँ गर्भावस्था के दौरान और उसके छः महीने बाद तक प्रतिदिन 1600 कैलोरी वाला राशन घर ले जाने की हकदार हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) 1 और 2　　(b) केवल 2
(c) 1 और 3　　(d) केवल 3

5. अप्रवासी सत्त्वों द्वारा दी जा रही ऑनलाइन विज्ञापन सेवाओं पर भारत द्वारा 6% समकरण कर लगाए जाने के निर्णय के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

 1. यह आय कर अधिनियम के भाग के रूप में लागू किया गया है।
 2. भारत में विज्ञापन सेवाएँ देने वाले अप्रवासी सत्त्व अपने गृह देश में "दोहरे कराधान से बचाव समझौते" के अंतर्गत टैक्स क्रेडिट का दावा कर सकते हैं।

 निम्नलिखित कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

 (a) केवल 1 (b) केवल 2
 (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

 1. पिछले पाँच वर्षों में आयातित खाद्य तेलों की मात्रा, खाद्य तेलों के घरेलू उत्पादन से अधिक रही है।
 2. सरकार विशेष स्थिति के तौर पर सभी आयातित खाद्य तेलों पर किसी प्रकार का सीमा शुल्क नहीं लगाती।

 उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

 (a) केवल 1 (b) केवल 2
 (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

7. निम्नलिखित में से कौन-सा/से भारत सरकार का/के "डिजिटल इंडिया" योजना का/के उद्देश्य है/हैं?

 1. भारत की अपनी इंटरनेट कंपनियों का गठन, जैसा कि चीन ने किया।
 2. एक नीतिगत ढाँचे की स्थापना जिससे बड़े आँकड़े एकत्रित करने वाली समुद्रपारीय बहुराष्ट्रीय कंपनियों को प्रोत्साहित किया जा सके कि वे हमारी राष्ट्रीय भौगोलिक सीमाओं के अंदर अपने बड़े डेटा केंद्रों की स्थापना करें।
 3. हमारे अनेक गाँवों को इंटरनेट से जोड़ना तथा हमारे बहुत से विद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों एवं प्रमुख पर्यटक केंद्रों में वाई-फाई (Wi-Fi) लाना।

 नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

 (a) केवल 1 और 2 (b) केवल 3
 (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

8. प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

 1. यह श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय की फ्लैगशिप स्कीम है।
 2. यह, अन्य चीज़ों के साथ-साथ, सॉफ्ट स्किल, उद्यमवृत्ति, वित्तीय और डिजिटल साक्षरता में भी प्रशिक्षण उपलब्ध कराएगी।
 3. यह देश के अविनियमित कार्यबल की कार्यकुशलताओं को राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढाँचा (नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क) के साथ जोड़ेगी।

 उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

 (a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2
 (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

## 2017

1. निम्नलिखित में से कौन-सा/से भारत में 1991 में आर्थिक नीतियों के उदारीकरण के बाद घटित हुआ/हुए है/हैं?

 1. GDP में कृषि का अंश बृहत् रूप से बढ़ गया।
 2. विश्व व्यापार में भारत के निर्यात का अंश बढ़ गया।
 3. FDI का अंतर्वाह (इनफ्लो) बढ़ गया।
 4. भारत का विदेशी विनिमय भंडार बृहत् रूप से बढ़ गया।

 नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

 (a) केवल 1 और 4 (b) केवल 2, 3 और 4
 (c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2, 3 और 4

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

 1. पिछले दशक में भारत के GDP के प्रतिशत के रूप में कर-राजस्व में सतत वृद्धि हुई है।
 2. पिछले दशक में भारत के GDP के प्रतिशत के रूप में राजकोषीय घाटे में सतत वृद्धि हुई है।

 उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

 (a) केवल 1 (b) केवल 2
 (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

3. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा हाल ही में समाचारों में आए 'दबावयुक्त परिसंपत्तियों के धारणीय संरचन पद्धति (स्कीम फॉर सस्टेनेबल स्ट्रक्चरिंग ऑफ स्ट्रेस्ड एसेट्स/S4A)' का सर्वोत्कृष्ट वर्णन करता है?

 (a) यह सरकार द्वारा निरूपित विकासपरक योजनाओं की पारिस्थितिकीय कीमतों पर विचार करने की पद्धति है।
 (b) यह वास्तविक कठिनाइयों का सामना कर रही बड़ी कॉर्पोरेट इकाइयों की वित्तीय संरचना के पुनर्संरचन के लिये भारतीय रिज़र्व बैंक की स्कीम है।
 (c) यह केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के बारे में सरकार की विनिवेश योजना है।
 (d) यह सरकार द्वारा हाल ही में क्रियान्वित 'इंसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्ट्सी कोड' का एक महत्त्वपूर्ण उपबंध है।

## 2015

1. भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
   1. पिछले दशक में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर लगातार बढ़ती रही है।
   2. पिछले दशक में बाज़ार कीमतों पर (रुपयों में) सकल घरेलू उत्पाद लगातार बढ़ता रहा है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

## 2013

1. प्रच्छन्न बेरोज़गारी का सामान्यत: अर्थ होता है कि
   (a) लोग बड़ी संख्या में बेरोज़गार रहते हैं
   (b) वैकल्पिक रोज़गार उपलब्ध नहीं है
   (c) श्रमिक की सीमान्त उत्पादकता शून्य है
   (d) श्रमिकों की उत्पादकता नीची है

2. x देश में आर्थिक संवृद्धि अनिवार्य रूप से होगी, यदि
   (a) विश्व अर्थव्यवस्था में तकनीकी प्रगति होती है
   (b) x में जनसंख्या वृद्धि होती है
   (c) x में पूंजी निर्माण होता है
   (d) विश्व अर्थव्यवस्था में व्यापार की मात्रा बढ़ती है

3. किसी दी गई अवधि के लिये एक देश की राष्ट्रीय आय–
   (a) नागरिकों द्वारा उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य के बराबर होगी
   (b) कुल उपभोग और निवेश व्यय के योग के बराबर होगी
   (c) सभी व्यक्तियों की वैयक्तिक आय के योग के बराबर होगी
   (d) उत्पादित अंतिम वस्तुओं और सेवाओं के मौद्रिक मूल्य के बराबर होगी

## 2011

1. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन 'वित्तीय उत्प्रेरक' की समुचित व्याख्या करता है?
   (a) यह सरकार द्वारा उत्पादन क्षेत्र में किया गया वृहद् निवेश है जिसका लक्ष्य माल की आपूर्ति की तीव्र आर्थिक विकास के कारण बढ़ी हुई मांग को पूरा करना है
   (b) यह सरकार की गहन निश्चयात्मक कार्यवाही है जिसका लक्ष्य देश में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है
   (c) यह सरकार द्वारा वित्तीय संस्थानों पर की गई गहन कार्यवाही है जिसका लक्ष्य कृषि तथा सहबद्ध क्षेत्रों को ऋण वितरित कराना है जिससे वृहत्तर खाद्य उत्पादन को प्रोत्साहन मिल सके और खाद्य स्फीति पर अंकुश लग सके
   (d) यह सरकार की चरम निश्चयात्मक कार्यवाही है जिसका लक्ष्य वित्तीय समावेशन नीति का अनुसरण करना है

2. भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये–
   1. विगत पाँच वर्षों में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर सतत् रूप से बढ़ी है।
   2. विगत पाँच वर्षों में प्रति व्यक्ति आय की वृद्धि दर सतत् रूप से बढ़ी है।

   उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

3. 'बंद अर्थव्यवस्था' वह अर्थव्यवस्था है जिसमें
   (a) मुद्रा पूर्ति पूर्णत: नियंत्रित होती है
   (b) घाटे की वित्त व्यवस्था होती है
   (c) केवल निर्यात होता है
   (d) न तो निर्यात, न ही आयात होता है।